शुचि निरमल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरू ले मन हरषाय।
दीप धूप फल अर्घ सु लेकर, नाचत ताल मृदंग बजाय॥
श्री आदिनाथ के चरण कमल पर, बलि बलि जाऊँ मन वच काय,
हो करुणा निधि भव दु:ख मेटो, यातै मैं पूजों प्रभु पाय॥
ॐ ह्रीं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व.स्वाहा।9।

पंचकल्याणक अर्घ्यावली

दोहा

सर्वारथ सिद्धि तैं चये, मरुदेवी उर आय।
दोज असित आषाढ़ की, जजूँ तिहारे पाँय॥
ॐ ह्रीं श्री आषाढ़कृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

चैत वदी नौमी दिना, जन्म्या श्री भगवान।
सुरपति उत्सव अति करा, मैं पूजौं धरि ध्यान॥
ॐ ह्रीं श्री चैत्रकृष्णनवम्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

तृणवत् ऋद्धि सब छांड़ि के तप धार्‌यो वन जाय।
नौमी चैत्र असेत की जजूँ तिंहारे पाँय॥
ॐ ह्रीं श्री चैत्रकृष्णनवम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

फाल्गुन वदि एकादशी, उपज्यो केवलज्ञान।
इन्द्र आय पूजा करी, मैं पूजौं यह थान॥

ॐ ह्रीं श्री फाल्गुनकृष्णैकादश्यां केवलज्ञानमंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

माघ चतुर्दशि कृष्ण की, मोक्ष गये भगवान।
भवि जीवों को बोधि के, पहुँचे शिवपुर थान॥

ॐ ह्रीं श्री माघकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला

आदीश्वर महाराज, मैं विनती तुम से करूँ।
चारों गति के माँहि, मैं दुःख पायो सो सुनो॥

अष्ट कर्म मैं एकलो यह दुष्ट महादुःख देत हो।
कबहूँ इतर निगोद में मोकूँ पटकत करत अचेत हो॥
म्हारी दीनतणी सुन वीनती॥1॥

प्रभु! कबहुँक पटक्यो नरक में, जठे जीव महादुःख पाय हो।
निष्ठुर निरदई नारकी, जठै करत परस्पर घात हो॥
म्हारी दीनतणी सुन वीनती॥2॥

प्रभु! नरकतणा दुःख अब कहूँ, जठै करत परस्पर घात हो।
कोइयक बांध्यो खंभसों पापी दे मुद्गर की मार हो।
कोइयक काटे करौंत सों पापी अंगतणी दोय फाड़ हो॥
म्हारी दीनतणी सुन वीनती॥3॥

प्रभु! इहविधि दुःख भुगत्या घणां, फिर गति पाई तिरियंच हो।
हिरणा बकरा बाछला पशु दीन गरीब अनाथ हो।

पकड़ कसाई जाल में पापी काट-काट तन खाय हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।4।।

प्रभु! मैं ऊँट बलद भैंसा भयो, जापै लाद्यो भार अपार हो।
नहीं चाल्यो जब गिर पर्‌यो, पापी दे सोंटन की मार हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।5।।

प्रभु! कोइयक पुण्य संयोग सूँ, मैं तो पायो स्वर्ग निवास हो।
देवांगना संग रमि रह्यौ, जठै भोगनि को परिताप हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।6।।

प्रभु! संग अप्सरा रम रह्यो, कर कर अति अनुराग हो।
कबहुँक नंदन वन विषैं, प्रभु कबहुँक वनगृह माँहिं हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।7।।

प्रभु! यहि विधिकाल गमायके, फिर माला गई मुरझाय हो।
देव थिति सब घट गई, फिर उपज्यो सोच अपार हो।
सोच करत तन खिर पड्यो, फिर उपज्यो गरभ में जाय हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।8।।

प्रभु! गर्भतणा दु:ख अब कहूँ, जठै सकुड़ाई की ठौर हो।
हलन चलन नहिं कर सक्यो, जठै सघन कीच घनघोर हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।9।।

प्रभु! माता खावे चरपरो, फिर लागै तन संताप हो।
प्रभु! जो जननी तातो भखै, फिर उपजै तन संताप हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।10।।

प्रभु! औंधे मुख झूल्यो रह्यो, फेर निकसन कौन उपाय हो।
कठिन कठिन कर नीसर्‌यो, जैसे निसरै जंत्री में तार हो।।
म्हारी दीनतणी सुन वीनती।।11।।

प्रभु! निकसत ही धरत्यां पड्यो, फिर लागी भूख अपार हो।
रोय-रोय बिलख्यो घनो, दु:ख वेदन को नहिं पार हो॥
म्हारी दीनतणी सुन वीनती॥12॥

प्रभु! दु:ख मेटन समरथ धनी, यातैं लागूँ तिहारे पाय हो।
सेवक अर्ज करै प्रभु मोकूँ, भवोदधि पार उतार हो॥
म्हारी दीनतणी सुन वीनती॥13॥

(दोहा)

श्रीजी की महिमा अगम है, कोई न पावै पार।
मै मति अल्प अज्ञान हूँ, कौन करे विस्तार॥

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथजिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विनती ऋषभ जिनेश की, जो पढ़सी मन ल्याय।
सुरगों में संशय नहीं, निश्चय शिवपुर जाय॥

।।इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

श्री चन्द्रप्रभ जिन पूजा

(छप्पय अनौष्ठय चमकालंकार तथा शब्दालंकार शांत रस)

चारुचरन आचरन, चरन चितहरन चिहनचर।
चंद-चंद-तनचरित, चंदथल चहत चतुर नर।
चतुक चंड चकचूरि, चारि चिदचक्र गुनाकर।
चंचल चलितसुरेश, चूलनुत चक्र धनुरधर॥
चर अचर हितू तारन तरन, सुनत चहकि चिरनंद शुचि।
जिनचंद चरन चरच्यो चहत, चितचकोर नचि रच्चि रुचि॥1॥

दोहा– धनुष डेढ़ सौ तुंग तन, महासेन नृपनंद।
मातु लछमना उर जये, थापों चंद जिनंद॥2॥

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

(अष्टक)

(द्यानतराय कृत नंदीश्वराष्टक की अष्टपदी तथा गरवा आदि अनेक चालों में)

गंगाह्रद निरमल नीर, हाटक भृंग भरा।
तुम चरन जजों वरवीर, मेटो जन्म जरा॥
श्री चंदनाथदुति चंद, चरनन चंद लगै।
मनवचतन जजत अमंद, आतमजोति जगै॥

ॐ ह्रींश्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।।1।।

श्रीखंड कपूर सुचंग, केशर रंग भरी।
घसि प्रासुक जल के संग, भवआताप हरी॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चन्दनं निर्व. स्वाहा।।2।।

तंदुल सित सोमसमान, सो ले अनियारे।
दिय पुंज मनोहर आन, तुम पदतर प्यारे॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्ताये अक्षतान् निर्व. स्वाहा।।3।।

सुरद्रुम के सुमन सुरंग, गंधित अलि आवै।
तासों पद पूजत चंग, कामविधा जावै। श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पम् निर्व. स्वाहा।।4।।

नेवज नाना परकार, इंद्रिय बलकारी।
सो लै पद पूजौं सार, आकुलता हारी॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।।5।।

तमभंजन दीप सँवार, तुम ढिंग धारतु हों।
मम तिमिरमोह निरवार, यह गुण धारतु हों॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्व. स्वाहा।।6।।

दसगंध हुतासन माँहि, हे प्रभु खेवतु हों।
मम करम दुष्ट जरि जाहिं यातैं सेवतु हों॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्व. स्वाहा।।7।।

अति उत्तम फल सुमंगाय, तुम गुण गावतु हों।
पूजों तनमन हरषाय, विघ्न नशावतु हों॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताये फलं निर्व. स्वाहा।।8।।

सजि आठों दरब पुनीत, आठों अंग नमो।
पूजों अष्टम जिन मीत, अष्टम अवनि गमो॥ श्री...

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।।9।।

पंचकल्याणक

छंद तोटक (वर्ण 12)

कलि पंचम चैत सुहात अरी, गरभागम मंगल मोद भरी।
हरि हर्षित पूजत मातु पिता, हम ध्यावत पावत शर्मसिता॥1॥

ॐ ह्रीं चैतकृष्णपंचम्यां गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं निर्व. स्वाहा।

कलि पौष एकादशि जन्म लयो, तब लोकविषै सुखथोक भयो।
सुरईश जजै गिरशशी तबै, हम पूजत है नुत शीश अबै॥2॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

तप दुर्द्धर श्रीधर आप धरा, कलिपोष ग्यारसि पर्व वरा।
निज ध्यान विषै लवलीन भये, धनि सो दिन पूजत विघ्न गये॥3॥
ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां नि:क्रमणमहोत्सव मंडिताय श्रीचन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

कर केवल भानु उद्योत कियो, तिहुँलोकतणों भ्रम मेट दियो।
कलि फाल्गुण सप्तमि इंद्र जजैं, हम पूजहिं सर्व कलंक भजैं॥4॥
ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णसप्तम्यां केवलज्ञानमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

सित फाल्गुन सप्तमि मुक्ति गये, गुणवंत अनंत अबाध भये।
हरि आम जजे तित मोद धरे, हम पूजत ही सब पाप हरे॥5॥
ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्लसप्तम्यां-मोक्षमंगलमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

जयमाला

दोहा- हे मृगांक अंकित चरण, तुम गुण अगम अपार।
गणधर से नहिं पार लहिं, तौं को वरनत सार॥1॥
पै तुम भगति हिये मम, प्रेरै अति उमगाय।
तातैं गाऊँ सुगुण तुम, तुम ही होउ सहाय॥2॥

छन्द पद्धरी (16 मात्रा)

जय चंद्र जिनेंद्र दयानिधान। भवकानन हानन दव प्रमान।
जय गरभ जनम मंगल दिनंद। भवि-जवि विकाशन शर्म कन्द॥3॥

दश लक्ष पूर्व की आयु पाय। मनवांछित सुख भोगे जिनाय।
लखि कारण ह्वै जगतैं उदास। चिंत्यो अनुप्रेक्षा सुख निवास॥4॥

तित लौकांतिक बोध्यो नियोग। हरि शिविका सजि धरियो अभोग।
तापै तुम चढ़ि जिनचंदराय। ताछिन की शोभा को कहाय॥5॥

जिन अंग सेत सितचमर ढार। सित छत्र शीस गल गुलक हार।
सित रतन जड़ित भूषण विचित्र। सित चन्द्र चरण चरचैं पवित्र॥6॥

सित तनद्युति नाकाधीश आप। सित शिविका कांधे धरि सुचाप।
सित सुजस सुरेश नरेश सर्व। सित चित में चिंतत जात सर्व॥7॥

सित चंद नगरतैं निकसि नाथ। सित वन में पहुँचे सकल साथ॥
सितशिला शिरोमणि स्वच्छ छाहँ। तिस तप तित धारयो तुम जिनाह॥8॥

सित पयको पारण परम सार। सित चंद्रदत्त दीनों उदार।
सित कर में सो पय धार देत। मानो बांधत भवसिंधु सेत॥9॥

मानो सुपुण्य धारा प्रतच्छ। तित अचरजपन सुर किय ततच्छ॥
फिर जाय गहन सित तप करंत। सित केवल ज्योति जग्यो अनन्त॥10॥

लहि समवसरन रचना महान। जाके देखत सब पाप हान॥
जहँ तरु अशोक शोभै उतंग। सब शोक तनो चूरै प्रसंग॥11॥

सुर सुमन वृष्टि नभतें सुहात। मनु मन्मथ तजि हथियार जात॥
बानी जिनमुख सों खिरत सार। मनु तत्व प्रकाशन मुकुर धार॥12॥

जहँ चौंसठ चमर अमर दुरंत। मनु सुजस मेघ झरि लगिय तंत॥
सिंहासन है जहँ कमल जुक्त। मनु शिव सरवरको कमल-युक्त॥13॥

दुंदुभि जित बाजत मधुर सार। मनु करमजीतको है नगार॥
शिर छत्र फिरै त्रय श्वेत वर्ण। मनु रतन तीन त्रय ताप हर्ण॥14॥

तन प्रभातनों मंडल सुहात। भवि देखत निज भव सात सात॥
मनु दर्पण द्युति यह जगमगाय। भविजन भव मुख देखत सु आय॥15॥

इत्यादि विभूति अनेक जान। बाहिज दीसत महिमा महान॥
ताको वरणत नहिं लहत पार। तौ अंतरंग को कहै सार॥16॥

अनअंत गुणनिजुत करि विहार। धरमोपदेश दे भव्य तार।।
फिर जोग निरोधि अघाति हान। सम्मेदथकी लिय मुकतिथान।।17।।

'वृन्दावन' वंदत शीश नाय। तुम जानत हो मम उर जु भाय।।
तातै का कहों सु बार बार। मनवांछित कारज सार सार।।18।।

(घत्तानन्द छन्द)

जय चंदजिनंदा, आनंदकंदा, भवभयभंजन राजैं हैं।।
रागादिक द्वंदा हरि सब फंदा, मुकति मांहि थिति साजे हैं।।19।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(छन्द चौबोला)

आठों दरब मिलाय गाय गुण, जो भविजन जिनचंद जजैं।
ताके भव भवके अघ भाजैं, मुक्तिसार सुख ताहि सजैं।।20।।
जगके त्रास मिटैं सब ताके, सकल अमंगल दूर भजैं।
वृन्दावन ऐसो लखि पूजत, जातैं शिवपुरि राज रजैं।।21।।

इत्याशीर्वादः

।। पुष्पांजलिं क्षिपामि ।।

श्री शांतिनाथ जिन पूजा

सर्वारथ सुविमान त्याग गजपुर में आये।
विश्वसेन भूपाल तासु के नन्द कहाये।।
पंचम चक्री भये मदन द्वादशवें राजैं।
मैं सेऊँ तुम चरण तिष्ठिये ज्यों दुख भाजैं।।

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

पंचम उदधि तनो जल निरमल कंचन कलश भरे हरषाय।
धार देत ही श्रीजिन सन्मुख जन्म जरा-मृत दूर भगाय॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।।1।।

मलयागिर चंदन कदली नंदन कुंकुम जल के संग घिसाय।
भव आताप विनाशन कारण चरचूं चरण सबैं सुखदाय॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्व.स्वाहा।।2।।

पुण्य राशि सम उज्ज्वल अक्षत शशि मरीचि तसु देख लजाय।
पुंज किये तुम चरणन आगे अक्षय पद के हेतु बनाय॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्व. स्वाहा।।3।।

सुर पुनीत अथवा अवनी के कुसुम मनोहर लिये मंगाय।
भेंट धरत तुम चरणन के ढिंग ततक्षिन कामबाण नस जाय॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविनाशनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।।4।।

भाँति भाँति के सद्य मनोहर कीने मैं पकवान संवार।
भर थारी तुम सन्मुख लायो क्षुधा वेदनी वेग निवार॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय, क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् निर्व. स्वाहा।।5।।

घृत स्नेह करपूर लाय कर दीपक ताके धरे प्रजार।
जग मग जोत होत मन्दिर में मोह अन्ध को देत सुटार॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपम् निर्व. स्वाहा॥6॥

देवदारु कृष्णागरु चन्दन तगर कपूर सुगन्ध अपार।
खेऊँ अष्ट करम जारन को धूप धनंजय माहि सुडार॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपम् निर्व. स्वाह॥7॥

नारंगी बादाम सुकेला एला दाड़िम फल सहकार।
कंचन थाल माँहिं धर लायो अरचत ही पाऊँ शिव नार॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलम् निर्व. स्वाहा॥8॥

जल-फलादि वसु द्रव्य सवारे अर्घ चढ़ाये मंगल गाय।
बखत रतन के तुम ही साहिब दीजे शिवपुर राज कराय॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजें रोग शोक दु:ख दारिद जाय।
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व. स्वाहा॥9॥

पंचकल्याणक

(छन्द उपगति)

भादव सप्तमी श्यामा सर्वारथत्याग गजपुर आये।
माता ऐरा नामा, मैं पूजूँ अर्घ शुभलाये॥
ॐ ह्रीं भाद्रपदकृष्णासप्तम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्मे तीरथ-नाथं, वर जेठ असित-चतुर्दशी सोहै।
हरिगण नावैं माथं, मैं पूजूं शांति चरण-युग जोहै॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णाचतुर्दश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चौदस-जेठ-अंधयारी, कानन में जाय योग प्रभु लीन्हा।
नवनिधि-रत्न सुछांरी मैं बंदूँ आत्मसार जिन चीन्हा॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णाचतुर्दश्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पौष दसें उजियारा, अरिघाति ज्ञान भानु जिन पाया।
प्रातिहार्य-वसुधारा, मैं सेऊं सुर-नर जासु यश गाया।

ॐ ह्रीं पोषशुक्लदशम्यां केवलज्ञानमंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्मेद-शैल भारी हनकर अघाति मोक्ष जिन पाई।
जेठ-चतुर्दशि-कारी, मैं पूजूं सिद्ध थान सुखदाई॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(छप्पय छन्द)

भये आप जिन देव जगत् में सुख विस्तारे।
तारे भव्य अनेक तिनों के संकट टारे॥
टारे आठों कर्म मोक्ष-सुख तिनको भारी।
भारी विरद निहार लही मैं शरण तिहारी॥

तिहारे चरणन को नमूं दुःख दारिद्र-संताप हर॥
हर सकल कर्म छिन-एक में, शांति-जिनेश्वर शांति कर॥1॥

दोहा- सारंग लक्षण चरण में उन्नत धनु चालीस।
हाटक वर्ण शरीर द्युति, नमूँ शांति जग-ईश॥2॥

(छन्द भुजंगप्रयात)

प्रभु आपने सर्व के फन्द तोड़े, गिनाऊँ कछू में तिन्हें नाम थोड़े।
पड़ो अंबु के बीच श्रीपाल राई, जपो नाम तेरे भए थे सहाई॥3॥

धरौ राय ने सेठ को सूलिका पै, जपी आपके नाम की सार जापै।
भये थे सहाई तबै देव आये, करी फूल वर्षा सिंहासन बनाये॥4॥

जबै लाख के धाम वह्नि प्रजारी, भयो पांड़वो पै महा कष्टभारी।
जबै नाम तेरे तनी टेर कीनी, करी थी विदुर ने वही राह दीनी॥5॥

हरी द्रोपदी धातकी खण्ड माँही, तुम्ही वहाँ सहाई भला और नाहीं।
लियो नाम तेरो भलो शील पालो, बचाई तहां तै सबै दुःख टालो॥6॥

जबै जानकी राम ने जो निकारी, धरे गर्भ को भार उद्यान डारी।
रटो नाम तेरो सबै सौख्यदाई, करी दूर पीड़ा सुक्षण ना लगाई॥7॥

व्यसन सात सेवे करें तस्कराई, सुअंजन से तारे घड़ी न लगाई।
सहे अजंना चंदना दुःख जेते, गये भाग सारे जरा नाम लेते॥8॥

घड़े बीच में सासु ने नाग डारो, भलो नाम तेरो जु सोमा संभारो।
गई काढ़ने को भई फूलमाला, भई है विख्यातं सबै दुःख टाला॥9॥

इन्हें आदि देके कहाँ लों बखाने, सुनो विरद भारी तिहुँ-लोक जानें।
अजी नाथ मेरी जरा ओर हेरो, बड़ी नाव तेरी रती बोझ मेरो॥10॥

गहो हाथ स्वामी करो वेग पारा, कहूँ क्या अबै आपनी मैं पुकारा।
सबै ज्ञान के बीच भासी तुम्हारे करो देर नाहीं मेरे शांति प्यारे॥11॥

(छंद)

श्री शांति तुम्हारी कीरत भारी सुर नरनारी गुणमाला।
'बख्तावर' ध्यावे 'रतन' सु गावे मम दुख दारिद सब टाला ॥12॥

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घं निर्व. स्वाहा।इति।

अजी एरानन्दन छवि लखत ही आप शरणं।
धरै लज्जा भारी करत थुति सो लाग चरणं।।
करै सेवा सोई लहत सुख सो-सार क्षण में।
घने दीना तारे हम चहत है बास तिन में।।

श्री पार्श्वनाथ जिन पूजा

(गीता छन्द)

वर स्वर्ग प्राणत को विहाय सुमात वामा सुत भये।
अश्वसेन के पारस जिनेश्वर चरन जिनके सुर नये।।
नव हाथ उन्नत तन विराजै उरग लच्छन पद लसैं।
थापूँ तुम्हें जिन आय तिष्ठो करम मेरे सब नसैं।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः संस्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चामर छन्द)

क्षीर सोम के समान अम्बुसार लाइके।
हेमपात्र धारि के सु आपको चढ़ाइके।।
पार्श्वनाथ देव सेव आपकी करूँ सदा।
दीजिए निवास मोक्ष भूलिए नहीं कदा।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।1।

चंदनादि केशरादि स्वच्छ गंध लीजिये।
आप चरण चर्च मोह ताप को हनीजिये।। पार्श्वनाथ...

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।2।

फेन चंद के समान अक्षतान् लायकैं।
चरण के समीप सार पुंज को रचायकैं।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अक्षयपद्प्राप्तये अक्षतान् निर्व. स्वाहा।3।

केवड़ा गुलाब और केतकी चुनायकैं।
धार चरण के समीप काम को नशायकैं।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्व.स्वाहा।4।

घेवरादि बावरादि मिष्ट सद्य में सने।
आप चरण अर्चतें क्षुधादि रोग को हने।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।5।

लाय रत्नदीप को सनेह पूर के भरूँ।
वातिका कपूर बारि मोह ध्वांत को हरूँ।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्व.स्वाहा।6।

धूप गंध लेयके सुअग्नि संग जारिये।
तास धूप के सुसंग अष्टकर्म बारिये।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्व. स्वाहा।7।

खारिकादि चिरभटादि रत्न थाल में भरूँ।
हर्ष धारिके जजूँ सुमोक्ष सौख्य को वरूँ।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व. स्वाहा।8।

नीर गंध अक्षतान पुष्प चारु लीजिये।
दीप धूप श्रीफलादि अर्घतैं जजीजिये।। पार्श्वनाथ...
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।9।

पंचकल्याणक अर्घ्यावली

शुभ प्राणत स्वर्ग विहाये, वामा माता उर आये।
वैशाख तनी दुतिकारी, हम पूजें विघ्न निवारी॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जनमे त्रिभुवन सुखदाता, एकादशी पौष विख्याता।
श्यामा तन अद्भुत राजै, रवि कोटिक तेज सु लाजै॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णएकादश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

कलि पौष एकादशि आई, तब बारह भावन भाई।
अपने कर लौंच सु कीना, हम पूजैं चरन जजीना॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णएकादश्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

कलि चैत चतुर्थी आई, प्रभु केवलज्ञान उपाई।
तब प्रभु उपदेश जु कीना, भवि जीवन को सुख दीना॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णचतुर्थ्यां केवलज्ञानमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

सित सातैं सावन आई, शिव नारि वरी जिनराई।
सम्मेदाचल हरि माना, हम पूजें मोक्ष कल्याना॥

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लसप्तम्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला

(छन्द मत्तगयन्द)

पारसनाथ जिनेंद्र तने वच, पौन भखी जरते सुन पाये।
कर्‌यो सरधान लह्यायो पद आन, भये पद्‌मावती शेष कहाये॥
नाम प्रताप टरैं संताप, सुभव्यन को शिवशर्म दिखाये।
हे अश्वसेन के नंद भले, गुण गावत हैं तुमरे हर्षाये॥

(दोहा)

केकी कंठ समान छवि, वपु उतंग नव हाथ।
लक्षण उरग निहार पग, वंदों पारसनाथ॥1॥

(मोतियादाम छन्द)

रची नगरी छह मास अगार, बने चहुँ गोपुर शोभ अपार।
सु कोट तनी रचना छवि देत, कंगूरन पै लहकैं बहुकेत॥2॥

बनारस की रचना जु अपार, करी बहु भाँति धनेश तैयार।
तहाँ विश्वसेन नरेन्द्र उदार, करैं सुख वाम सु दे पटनार॥3॥

तज्यो तुम प्राणत नाम विमान, भये तिनके वर नंदन आन।
तबै सुर इंद्र नियोगनि आय, गिरीन्द्र करी विधि न्हौन सु जाय॥4॥

पिता घर सौंपि गये निजधाम, कुबेर करे वसु जाम जु काम।
बढ़े जिन दोज मयंक समान, रमैं बहु बालक निर्जर आन॥5॥

भए जब अष्टम वर्ष कुमार, धरे अणुव्रत्त महा सुखकार।
पिता जब आन करी अरदास, करो तुम ब्याह वरो मम आस॥6॥

करी तबनाहिं रहे जगचंद, किये तुम काम कषाय जु मंद।
चढ़े गजराज कुमारन संग, सु देखत गंग तनी सुतरंग॥7॥

लख्यो इक रंक करे तप घोर, चहूँ दिसि अग्नि बलै अति जोर।

कहे जिननाथ अरे सुन भ्रात, करे बहु जीवन की मत घात॥8॥

भयो तब कोप कहै कित जीव, जले तब नाग दिखाय सजीव।
लख्यो यह कारण भावन भाय, नये दिव ब्रह्म रिषीसुर आय॥9॥

तबहिं सुर चार प्रकार नियोग, धरी शिविका निजकंध मनोग।
कियो वनमाँहिं निवास जिनंद, धरे व्रत चारित आनन्दकंद॥10॥

गहे तहँ अष्टम के उपवास, गये धनदत्त तने जु अवास।
दियो पयदान महा सुखकार, भई पनवृष्टि तहाँ तिहिं बार॥11॥

गये तब कानन माँहिं दयाल, धर्‌यो तुम योग सबहिं अघटाल।
तबै वह धूम सुकेतु अयान, भयो कमठाचर को सुर आन॥12॥

करै नभ गौन लखे तुम धीर, जु पूरब बैर विचार गहीर।
कियो उपसर्ग भयानक घोर, चली बहु तीक्षण पवन झकोर॥13॥

रह्यो दशहूँ दिश में तम छाय, लगी बहु अग्नि लखी नहिं जाय।
सु रुंडन के बिन मुण्ड दिखाय, पड़ै जल मूसलधार अथाय॥14॥

तबै पद्मावति कंत धनिंद, नये जुग आय जहाँ जिनचंद।
भग्यो तब रंक सु देखत हाल, लह्यो तब केवलज्ञान विशाल॥15॥

दियो उपदेश महाहितकार, सुभव्यन बोधि सम्मेद पधार।
'सुवर्णभद्र' जहँ कूट प्रसिद्ध, वरी शिवनारि लही वसु रिद्ध॥16॥

जजूँ तुम चरन दोउ कर जोर, प्रभू लखिये अब ही मम ओर।
कहै 'बखतावर रत्न' बनाय, जिनेश हमें भव पार लगाय॥17॥

(घत्ता)

जय पारस देवं, सुरकृत सेवं, वंदत चरण सुनागपती।
करुणा के धारी, पर उपकारी, शिवसुखकारी कर्महती॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल)

जो पूजै मन लाय भव्य पारस प्रभु नित ही।
ताके दु:ख सब जाय भीति व्यापै नहिं कित ही॥
सुख संपति अधिकाय पुत्र मित्रादिक सारे।
अनुक्रमसों शिव लहै, 'रत्न' इमि कहें पुकारे॥

॥इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

श्री महावीर जिन पूजा

(मत्तगयंद छन्द)

श्रीमत वीर हरें भव पीर, भरें सुख सीर अनाकुलताई।
केहरि अंक अरीकरदंक, नये हरि पंकति मौलि सु आई॥
मैं तुमको इत थापत हों प्रभु, भक्ति समेत हिये हरषाई।
हे करुणा धन धारक देव, इहाँ अब तिष्ठहुँ शीघ्रहि आई॥

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ: स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

क्षीरोदधि सम शुचि नीर, कंचन भृंग भरो।
प्रभु वेग हरो भवपीर, यातैं धार करो॥
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा॥।

मलयागिर चंदनसार, केसर संग घसौं।
प्रभु भव आताप निवार, पूजत हिय हुलसों॥

श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।2।

तंदुल सित शशिसम शुद्ध, लीनों थार भरी।
तसु पुंज धरौं अविरुद्ध, पावों शिवनगरी।।
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्व.स्वाहा।3।

सुरतरु के सुमन समेत, सुमन सुमन प्यारे।
सो मनमथ भंजन हेत, पूजों पद थारे।।
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्व.स्वाहा।4।

रस रज्जत सज्जत सद्य, मज्जत थार भरी।
पद जज्जत रज्जत अद्य, भज्जत भूख अरी।।
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।5।

तम खंडित मंडित नेह, दीपक जोवत हों।
तुम पदतर हे सुखगेह, भ्रमतम खोवत हों।।
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्व. स्वाहा।6।

हरिचंदन अगर कपूर, चूर सुगंध करा।
तुम पदतर खेवत भूरि, आठों कर्म जरा॥ श्री वीर...

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।7।

रितुफल कल वर्जित लाय, कंचनथार भरों।
शिवफलहित हे जिनराय, तुम ढिंग भेंट धरों॥
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व. स्वाहा।8।

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरों।
गुण गाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरों॥
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।9।

पंचकल्याणक अर्घ्यावली

(राग टप्पा)

नाथ! मोहि राखो हो शरणा, श्री वर्द्धमान जिनरायजी,
गरभ साढ़ सित छट्ठ लियो थित, त्रिशला उर अघहरना॥
सुर सुरपति तित सेव करो नित, मैं पूजूँ भवतरना।
नाथ! मोहि राखो हो शरणा।

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्लषष्ठ्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।1।

जनम चैत सित तेरस के दिन, कुंडलपुर कन वरना।
सुरगिरि सुरगुरु पूज रचायो, मैं पूजों भवहरना।

नाथ! मोहि राखो हो शरणा।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।2।

मंगसिर असित मनोहर दशमी, ता दिन तप आचरना।
नृप कुमार घर पारन कीनों, मैं पूजौं तुम चरना।
नाथ! मोहि राखो हो शरणा।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षकृष्णदशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।3।

शुक्ल दशैं बैसाख दिवस अरि, घाति चतुक क्षय करना।
केवल लहि भवि भवसर तारे, जजों चरन सुखभरना।
नाथ! मोहि राखो हो शरणा।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लदशम्यां केवलज्ञानमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।4।

कार्तिक श्याम अमावस शिव तिय, पावापुरतैं वरना।
गण फनिवृन्द जजैं तित बहुविध, मैं पूजों भयहरना।
नाथ! मोहि राखो हो शरणा।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्ण-अमावस्यायां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।5।

जयमाला

(छन्द हरिगीतिका-28 मात्रा)

गणधर अशनिधर चक्रधर, हलधर गदाधर वरवदा।
अरु चापधर विद्यासुधर, तिरशूलधर सेवहिं सदा॥
दु:खहरन आनंदभरन तारन, तरन चरन रसाल है।
सुकुमाल गुण मनिमाल उन्नत, भाल की जयमाला है॥

(छन्द घत्ता)

जय त्रिशालानंदन, हरिकृतवंदन, जगदानंदन चंदवरं।
भवताप निकंदन, तनकन मंदन, रहित सपंदन नयनधरं॥

(छन्द त्रोटक)

जय केवलभानु कला सदनं, भवि कोक विकासन कंद वनं।
जगजीत महारिपु मोहहरं, रजज्ञान दृगांवर चूर करं॥1॥

गर्भादिक मंगल मंडित हो, दुःख दारिद को नित खंडित हो।
जगमाँहिं तुम्हीं सतपंडित हो, तुम ही भवभाव विहंडितयो॥2॥

हरिवंश सरोजन को रवि हो, बलवंत महंत तुम्हीं कवि हो।
लहि केवलधर्म प्रकाश कियो, अबलों सोई मारग राजति हो॥3॥

पुनि आप तने गुणमाहिं सही, सुर मग्न रहैं जितने सबही।
तिनकी वनिता गुनगावत हैं, लय माननि सों मनभावत हैं॥4॥

पुनि नाचत रंग उमंग भरी, तुअ भक्ति विषै पग एम धरी।
झननं झननं झननं झननं, सुर लेत तहां तननं तननं॥5॥

घननं घननं घनघंट बजै, दृमदं दृमदं मिरदंग सजै।
गगनांगन गर्भगता सुगता, ततता ततता अतता वितता॥6॥

धृगतां धृगतां गति बाजत है, सुरताल रसाल जु छाजत है।
सननं सननं सननं नभ में, इकरूप अनेक जु धारि भ्रमें॥7॥

किन्नर सुर बीन बजावत हैं, तुमरो जस उज्ज्वल गावत हैं।
करताल विषैं करताल धरैं, सुरताल विशाल जु नाद करैं॥8॥

इन आदि अनेक उछाह भरी, सुर भक्ति करें प्रभुजी तुमरी।
तुमही जगजीवन के पितु हो, तुमही बिनकारन तैं हितु हो॥9॥

तुमही सब विघ्न विनाशन हो, तुमही निज आनंदभासन हो।
तुमही चित चिंतित दायक हो, जगमाँहिं तुम्हीं सबलायक हो॥10॥

तुमरे पन मंगल माँहिं सही, जिय उत्तम पुन्य लियो सबही।
हम तो तुमरी शरणागत हैं, तुमने गुन में मन पागत है॥11॥

प्रभु मो हिय आप सदा बसिये, जबलों वसु कर्म नहीं नसिये।
तबलों तुम ध्यान हिये वरतों, तबलों श्रुत चिंतन चित्त रतों॥12॥

तबलों व्रत चारित चाहुत हों, तबलों शुभभाव सुगाहतु हों।
तबलों सतसंगति नित्त रहो, तबलों मम संजम चित्त गहो॥13॥

जबलों नहिं नाश करों अरि को, शिव नारि वरों समता धरि को।
यह द्यो तबलों हमको जिनजी, हम जाचतु हैं इतनी सुनजी॥14॥

(घत्ता छन्द)

श्रीवीर जिनेशा नमित सुरेशा, नागनरेशा भगति भरा।
'वृन्दावन' ध्यावैं विघन नशावैं, वाँछित पावैं शर्म वरा॥

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(दोहा)

श्री सन्मति के जुगल पद, जो पूजैं धरि प्रीत।
'वृन्दावन' सो चतुर नर, लहै मुक्ति नवनीत॥

॥इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

नवदेवता पूजन

स्थापना

त्रैलाक्य में तिहुँ काल में नवदेवता जग वंदिता।
अरिहंत सिद्धा सूरि पाठक साधु मुनिवर नंदिता॥
जिन चैत्य अरु जिन सदन श्रुत जिन धर्म कल्याणक कहा।
आश्रित रहे जो भव्य इनके, मोक्ष उनने ही लहा॥

दोहा- नवदेवों को भक्ति वश आह्वानन कर आज।
योगत्रय से पूजकर लहूँ उभय साम्राज।।

ॐ ह्रीं अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य चैत्यालय समूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालय समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य चैत्यालय समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

अष्टक (छंद-हरिगीतिका)

पूर्णेन्दु निर्मल ज्योत्सना सम, धवल शीतल नीर ले,
जन्मादि रोगत्रय विनाशूँ, देव पद त्रयधार दे।
संसार नव विधि नाश करने, कोटि नव से मैं जजूँ,
पाने विभव निज चेतना का, देवता नव नित भजूँ।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।

शीतल सुगंधित मलयगिरि तन ताप हारक चंदनं।
नव देवता के चरण आगे, भक्ति पूजा वंदनं।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।

मुक्तासमा अति धवल द्युतिमय, चारु तंदुल लाय के।
शाश्वत विमल शिवसौख्य पाने, देव चरण चढ़ाय के।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो अक्षयपद प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।

वातावरण कर दे सुगंधित, पुष्प मनहर लाए हैं।
निष्काम जिन को कर समर्पित, काम नशने आये हैं।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।

व्यंजन अनूपम सरस रुचिकर, देह की क्षुधा नाशती।
आराध्य की पूजा करें तो, चेतना निधि भासती।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

शुभ गगन आँगन में चमकते ज्योति ग्रह सम दीप हैं।
विधि मोहनी के नाश हेतु, आये आप समीप हैं।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।

दश गंध युत ये धूप मनहर, वर्गणा दु:ख नाशती।
जिन चरण आगे धूप खेऊँ, आत्मनिधि परकाशती।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।

शुभ मोक्ष फल को प्राप्त करने, भक्तिवश अर्पण किये।
मम अक्ष रुचिकर सरस मनहर, फल सभी ऋतु के लिये।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।

संसार की बहुमूल्य मंगल, अर्घ द्रव्यों का बना।
बहुमूल्य शिवपद पाने हेतु, भक्तिरस में मैं सना।टेक।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनआगम जिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जयमाला

छंद-लक्ष्मीधरा

देव सर्वज्ञप्राणी सदा मंगलं। नंत ज्ञानं सुखं दर्श नंतं बलं।।
प्रतिहार्यं युतं वीतरागं वरं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।1।।

सिद्ध शुद्धं शिवं निर्विकारं तथा। अव्ययं अक्षयं आत्मलीनं सदा।।
विश्वनाथं प्रभो मुक्तिवामा वरं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।2।।

दर्श और ज्ञान चारित्र संपोषकं। संघ संचालकं सूरि आराधकं।।
पंच आचार पाले जिनं नंदनं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।3।।

हे उपाध्याय सुज्ञान दातार हो। भव्य के वासते सम्यकाधार हो।
साधकं द्वादशांगं सुपाठी वरं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।4।।

राग द्वेषादि को साधु संहारते। देव निर्ग्रंथ जो आत्म सम्हारते।।
पालते हैं गुणं साधु मूलोत्तरं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।5।।

भेद दो श्रावका और साधू कहा। तारता धर्म संसार से है अहा।।
चिह्न स्याद्वाद से युक्त धर्मं वरं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।6।।

देव सर्वज्ञ द्वारा गयी है कही। गूंथते हैं गणेशा मुनी ने गही।।
शारदा माँ सदा चित्त में ही धरं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।7।।

सौख्य है निर्विकारी तथा शांत है। पूजते जो भवी होय मुक्ति कांत है।।
कृत्रिमाकृत्रिमं चैत्य सिद्धीवरं। पूजता भक्ति से देव सौख्य करं।।8।।

तोरणा द्वार घंटा ध्वजा सज्जिता। देव प्रक्षाल पूजा सदा अर्चिता।।
शुभ्र चैत्यालयं पाप संहारकं। पूजता भक्ति से देव सौख्यं करं।।

घत्ता- **अरिहंत जिनेशा, सिद्ध महेशा, सूरी पाठक साधु मुनि।**
श्री चैत्य जिनालय, श्रुत ज्ञानालय, धर्म पूजता आज गुनि।।

ॐ ह्रीं अर्हं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म जिनागम जिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्घावली

विद्यमान बीस तीर्थंकरों का अर्घ्य

जल फल आठों द्रव्य, अरघ कर प्रीति धरी है।
गणधर इन्द्रन हू तैं, थुति पूरी न करी है।।
'द्यानत' सेवक जानके (हो) जगतैं लेहु निकार।
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भवतारण तरण जहाज।।

ॐ ह्रीं श्री विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्धपरमेष्ठी का अर्घ्य

जल फल वसु वृंदा अरघ अमंदा, जजत अनंदा के कंदा।
मेटो भकंदा सब दुःखदंदा, 'हीराचंदा' तुम वंदा।।
त्रिभुवन के स्वामी त्रिभुवन नामी, अंतरयामी अभिरामी।
शिवपुर विश्रामी निजनिधि पामी, सिद्ध जजामी शिरनामी।।

ॐ ह्रीं श्रीअनाहतपराक्रमाय सर्वकर्मविनिर्मुक्ताय सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कृत्रिम अकृत्रिम चैत्यालयों का अर्घ्य

कृत्याकृत्रिम चारु चैत्यनिलयान् नित्यं त्रिलोकीगतान्।
वंदे भावन व्यंतर द्युतिवरान् स्वर्गामरावासगान्।।
सद्गंधाक्षत पुष्पदामचरुकैः सद्दीपधूपैः फलैर्।
नीराद्यैश्च यजे प्रणम्य शिरसा दुष्कर्मणां शांतये।।

ॐ ह्रीं श्री कृत्रिमाकृत्रिम-चैत्यालयसंबंधि-जिनबिम्बेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर्षेषु-वर्षान्तर-पर्वतेषु नंदीश्वरे याानि च मंदरेषु।
यावंति चैत्यायतनानि लोके सर्वाणि वंदे जिनपुंगवानां॥

मालिनी

अवनि - तल - गतानां कृत्रिमाकृत्रिमाणां,
वन - भवन - गतानां दिव्य - वैमानिकानां॥
इह मनुज-कृतानां देवराजार्चितानां,
जिनवर - निलयानां भावतोऽहं स्मरामि॥

शार्दूलविक्रीडित

जंबू-धातकि-पुष्कारार्द्ध-वसुधा-क्षेत्र त्रये ये भवाः,
चन्द्रांभोज-शिखंडि-कण्ठ-कनक-प्रावृंघनाभा जिनाः।
सम्यग्ज्ञान-चरित्र-लक्षण-धरा दग्धाष्टकर्मेन्धनाः।
भूतानागत-वर्तमान-समये तेभ्यो-जिनेभ्यो-नमः॥

स्रग्धरा

श्रीमन्मेरौ कुलाद्रौ रजत-गिरिवरे शाल्मलौ जंबूवृक्षे,
वक्षारे चैत्यवृक्षे रतिकरे रुचिके कुंडले मानुषांके।
इष्वाकारेऽञ्जनाद्रौ दधि-मुख-शिखरे व्यन्तरे स्वर्गलोके,
ज्योतिर्लोकेऽभिवंदे भुवने महितले यानि चैत्यालयानि॥

शार्दूलविक्रीडित

द्वौ कुंदेंदु-तुषार-हार धवलौ द्वाविंद्रनील-प्रभौ,
द्वौ बंधूक-सम-प्रभौ जिनवृषौ द्वौ च प्रियंगुप्रभौ।
शेषाः षोडश जन्म-मृत्यु-रहिताः संतप्त-हेम-प्रभाः,
ते संज्ञान-दिवाकराः सुरनुताः सिद्धिं प्रयच्छंतु नः॥

ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धि-कृत्रिमाकृत्रिम-जिन-चैत्यालयेभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

इच्छामि भंते! चेइयभत्ति काओसग्गो कओ तस्सालोचेउं अहलोय तिरियलोय उड्ढलोयम्मि किट्टिमाकिट्टिमाणि जाणि जिणचेइयाणि ताणि सव्वाणि तीसुवि लोयेसु भवणवासिय वाण-विंतर-जोयसिय-कप्पवासिय त्ति चउविहा देवा सपरिवारा दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण वासेण दिव्वेण ण्हाणेण णिच्चकालं अच्चंति पुज्जंति वंदंति णमस्संति अहमवि इह संतो तत्थ संताइ णिच्चकालं अच्चेमि पुज्जेमि वंदामि णमस्सामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ती होउ मज्झं।

अथ पौर्वाह्निक-माध्याह्निक-आपराह्निक-देववंदनायां-पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकल-कर्म-क्षयार्थं भावपूजा-वंदना-स्तव-समेतं श्रीपंचमहागुरु-भक्तिं कायोत्सर्गं करोम्यहम्॥

तीस चौबीसी अर्घ्य

द्रव्य आठों जु लीना है, अर्घ्य कर में नवीना है।
पूजता पाप छीना है, 'भानुमल' जोड़ि कीना है।
दीप अढ़ाई सरस राजै, क्षेत्र दश ता विषै छाजै।
सात शत बीस जिनराजै, पूजता पाप सब भाजै॥

ॐ ह्रीं पांच भरत, पांच ऐरावत, दस क्षेत्र के विषै (संबंधी) तीस चौबीसी के सात सौ बीस जिनेन्द्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय चौबीसी का अर्घ्य

जल फल आठों शुचिसार, ताको अर्घ करौं।
तुमको अरपौं भवतार, भव तरि मोक्ष वरौं॥

चौबीसों श्रीजिनचंद, आनंदकंद सही।
पद जजत हरत भकंद, पावत मोक्ष मही।।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादि-वीरांत-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्योअनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ अर्घ्य

शुचि निरमल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरू ले मन हरषाय।
दीप धूप फल अर्घ सु लेकर, नाचत ताल मृदंग बजाय।।
श्री आदिनाथ के चरण कमल पर, बलि-बलि जाऊँ मनवच काय।
हो करुणानिधिा भव दुख मेटो, यातें मैं पूजों प्रभु पाय।।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथजिनेन्द्रायअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अजितनाथ का अर्घ्य

जल फल सब सज्जै बाजत बज्जै, गुन-गन रज्जै मन भज्जै।
तुअ पद जुग मज्जै सज्जन जज्जै, ते भव भज्जै निज कज्जै।।
श्री अजित जिनेशं नुतनाकेशं, चक्रधरेशं खग्गेशं।
मनवांछितदाता त्रिभुवनत्राता, पूजौं ख्याता जग्गेशं।।

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

संभवनाथ का अर्घ्य

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु, दीप फल अर्घ किया।
तुमको अरपौं भाव भगतिधर, जै जै जै शिव रमनि पिया।।
संभव जिन के चरन चरचतैं, सब आकुलता मिट जावे।
निजि निधि ज्ञान दरश सुख वीरज, निराबाध भविजन पावे।।

ॐ ह्रीं श्री संभवनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अभिनंदननाथ का अर्घ्य

अष्ट द्रव्य संवारि सुन्दर, सुजस गाय रसाल ही।
नचत रचत जजौं चरन जुग, नाय-नाय सुभाल ही॥
कलुष ताप निकंद श्रीअभिनंद, अनुपम चंद हैं।
पद वंद वृंद जजें प्रभू, भव दंद फंद निकंद हैं॥

ॐ ह्रीं श्री अभिनंदनजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुमतिनाथ का अर्घ्य

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु, दीप धूप फल सकल मिलाय।
नाचि राचि शिरनाय समरचौं, जय-जय जय-जय जिनराय॥
हरि हर वंदित पाप निकंदित, सुमतिनाथ त्रिभुवन के राय।
तुम पद पद्म सद्म शिवदायक, जजत मुदितमन उदित सुभाय॥

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पद्मप्रभु का अर्घ्य

जल फल आदि मिलाय गाय गुन, भगति भाव उमगाय।
जजौं तुमहिं शिवतिय वर जिनवर, आवागमन मिटाय।
मन वच तन त्रय धार देत ही, जनम जरा मृत जाय।
पूजौं भावसों, श्रीपद्मनाथ पद सार, पूजौं भावसों।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुपार्श्वनाथ का अर्घ्य

आठों दरब साजि गुनगाय, नाचत राचत भगति बढ़ाय॥
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो॥
तुम पद पूजौं मन वच काय, देव सुपारस शिवपुर राय।
दयानिधि हो, जय जगबंधु दयानिधि हो॥

ॐ ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चंद्रप्रभ जिनेन्द्र

सजि आठों द्रव्य पुनीत, आठों अंग नमों।
पूजौं अष्टम जिन मीत, अष्टम अवनि गमों।।
श्री चंद्रनाथ दुतिचंद, चरनन चंद लगे।
मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगे।।

ॐ ह्रीं श्री चंद्रप्रभस्वामिने अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चंद्रप्रभ जिनेन्द्र

वसु विधि अर्घ्य बनाय मनोहर, श्री जिन मन्दिर जावो।
अष्टकर्म के नाश करन को, श्री जिन चरण चढ़ावो।।
चंचल चित को रोक चतुर्गति, चक्रभ्रमण निरवारो।
चारु चरण आचरण चतुरनर चन्द्रप्रभ चित धारो।।

ॐ ह्रीं श्री चंद्रप्रभजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पदंत का अर्घ्य

जल फल सकल मिलाय मनोहर, मनवचतन हुलसाय।
तुमपद पूजों प्रीतिलायकै, जय जय त्रिभुवनराय।।
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदन्त जिनराय, मेरी अरज सुनीजे।

ॐ ह्रीं श्री पुष्पदन्तजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

शीतलनाथ का अर्घ्य

कंश्रीफलादि वसु प्रासुक द्रव्य साजे,
नाचे रचे मचत बज्जत सज्ज बाजे।
रागादिदोष मलमर्दनहेतु येवा,
चर्चों पदाब्ज तव शीतलनाथ देवा।।

ॐ ह्रीं श्री शीतलनाथ जिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

श्री श्रेयांसनाथ जिनेन्द्र

जल मलय तंदुल सुमन चरु अरु दीप धूप फलावली।
करि अरघ चरचौं चरन जुग प्रभु मोहि तार उतावली॥
श्रेयांसनाथ जिनंद त्रिभुवन वंद आनंदकंद हैं।
दु:खदंद फंद निकंद पूरनचंद जोति अमंद हैं॥

ॐ ह्रीं श्री श्रेयांसनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वासुपूज्य का अर्घ्य

जलकल दरव मिलाय गाय गुन, आठों अंग नमाई।
शिवपदराज हेतु हे श्रीपति, निकट धरों यह लाई॥
वासुपूज्य वसुपूज तनुज पद, वासव सेवत आई॥
बाल ब्रह्मचारी लखि जिनको, शिव तिय सनमुख धाई॥

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीतिस्वाहा।

विमलनाथ का अर्घ्य

पाएँ हम सुपद अनर्घ, अर्घ्य देने लाए।
होवे सिद्धों में वास, भावना यह भाए॥
हे विमलनाथ! भगवान, विमल गुण के धारी।
करुणा प्रभु करो प्रदान, हे करुणाकारी॥

ॐ ह्रीं श्री विमलनाथ जिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनन्तनाथ का अर्घ्य

शुचि नीर चन्दन शालि शंदन, सुमन चरु दीवा धरों।
अरु धूप जुत मैं अरघ करि, कर जोर जुग विनती करों॥
जग पूज परम पुनीत मीत, अनंत संत सुहावनो।
शिव कंत वंत मंहत ध्यावौं, भ्रंत वंत नशावनो॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्तनाथ जिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

धर्मनाथ का अर्घ्य

प्रभु आठों द्रव्य मिलाए, यह पावन अर्घ्य बनाए।
हम पद अनर्घ पा जाएँ, भव सागर से तिर जाएँ॥
जय धर्मनाथ जिन स्वामी, तुम हो प्रभु अन्तर्यामी।
तव चरण शरण को पाते, प्रभु चरणों शीश झुकाते॥

ॐ ह्रीं श्री धर्मनाथ जिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतिनाथ का अर्घ्य

जल-फलादि वसु द्रव्य सवारें अर्घ चढ़ायें मंगल गाय।
बखत रतन के तुम ही सहिब दीजे शिवपुर राज कराय॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय।

ॐ ह्रीं श्री शांतिनाथ जिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री कुंथुनाथ जिनेन्द्र

जल चंदन तंदुल प्रसून चरु, दीप धूप लेरी।
फल जुत जजन करौं मन सुख धरि, हरो जगत् फेरी॥
कुंथु सुन अरज दास केरी, नाथ सुन अरज दास केरी।
भव सिन्धु पर्‌यो हो नाथ, निकारो बाँह पकर मेरी॥

ॐ ह्रीं श्री कुंथुनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री अरनाथ जिनेन्द्र

शुचि स्वच्छ पटीरं, गंध गहीरं, तंदुल शीरं पुष्प चरुँ।
वर दीपं धूपं, आनंद रूपं, ले फल भूपं अर्घ करूँ।
प्रभु दीनदयालं, अरिकुल कालं, विरद विशालं सुकुमालम्।
हनि मम जंजालं, हे जगपालं, अर गुनमालं वरभालम्।

ॐ ह्रीं श्री अरनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मल्लिनाथ का अर्घ्य

जल फल अरघ मिलाय गाय गुन, पूजौं भगति बढ़ाई।
शिवपद राज हेत हे श्रीधर, शरन गही मैं आई।
राग दोष मद मोह हरन को, तुम ही हो वरवीरा।
यातैं शरन गही जगपति जी, वेग हरो भवपीरा।

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिसुव्रतनाथ का अर्घ्य

जल गंध आदि मिलाय आठों, दरब अरघ सजौं वरौं।
पूजौं चरन रज भगति जुत, जातैं जगत् सागर तरौं॥
शिव साथ करत सनाथ सुव्रतनाथ, मुनि गुनमाल हैं।
तसु चरन आनंद भरन तारन, तरन विरद विशाल हैं॥

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नमिनाथ का अर्घ्य

जल फलादि मिलाय मनोहरं, अरघ धारत ही भवभय हरं॥
जजुत हौं नमि के गुण गायके, जुग पदांबुज प्रीति लगायके॥

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नेमिनाथ का अर्घ्य

जल फल आदि साजि शुचि लीने, आठों दरब मिलाय।
अष्टम छिति के राज करन को, जजौं अंग वसु नाय॥
दाता मोक्ष के, श्री नेमिनाथ जिनराय, दाता मोक्ष के॥

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पार्श्वनाथ का अर्घ्य

नीर गंध अक्षतान पुष्प चारु लीजिये।
दीप धूप श्रीफलादि अर्घतैं जजीजिये॥

पार्श्वनाथ देव सेव आपकी करूं सदा।
दीजिए निवास मोक्ष भूलिए नहीं कदा।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पार्श्वनाथ का अर्घ्य

संघर्षों में उपसर्गों में तुमने समता का भाव धरा।
आदर्श तुम्हारा अमृत बन, भक्तों के जीवन में बिखरा।।
मैं अष्टद्रव्य से पूजा का, शुभथाल सजाकर लाया हूँ।
जो पदवी तुमने पाई है, मैं भी उस पर ललचाया हूँ।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री महावीर जिनेन्द्र

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरौं।
गुण गाऊँ भव दधितार, पूजत पाप हरौं।।
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो।।

ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री बाहुबलि भगवान का अर्घ्य

वसु विधि के वश वसुधा सबही परवश अति दुख पावैं।
तिहि दुख दूर करन को भविजन अर्घ जिनाग्र चढ़ावैं।।
परमपूज्य वीराधिवीर जिन बाहुबलि बलधारी।
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी।।

ॐ ह्रीं श्री बाहुबलीजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री बाहुबलि भगवान का अर्घ्य

हूं शुद्ध निराकुल सिद्धों सम, भवलोक हमारा वासा ना।
रिपु राग रु द्वेष लगे पीछे, यातें शिव पथ को पाया ना।।

निज के गुण निज में पाने को, प्रभु अर्घ्य संजो कर लाया हूँ।
हे बाहुबली तुम चरणों में, सुख सन्मति पाने आया हूँ।।
ॐ ह्रीं श्री बाहुबलीजिनेन्द्रायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोलहकारण भावना का अर्घ्य

जल फल आठों दरब चढ़ाय, 'द्यानत' वरत करौं मनलाय।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो।।
दरशविशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर पद दाय।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो।।
ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचमेरु जिनालय अर्घ्य

आठ दरबमय अरघ बनाय, 'द्यानत' पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय।।
पाँचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमाजी को करौं प्रणाम।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय।।
ॐ ह्रीं श्री सुदर्शनसम्बन्ध्यशीतिजिन-चैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदीश्वरद्वीप जिनालय अर्घ्य

यह अरघ कियो निज हेत, तुमको अरपतु हौं।
'द्यानत' कीज्यो शिव खेत, भूमि समरपतु हौं।।
नंदीश्वर श्रीजिनधाम बावन पूज करौं।
वसु दिन प्रतिमा अभिराम, आनंद भाव धरौं।।
नंदीश्वरद्वीप महान्, चारों दिश सोहे।
बावन जिनमंदिर जान, सुर नर मन मोहे।।
ॐ ह्रीं श्रीनंदीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दशलक्षण धर्म अर्घ्य

आठों दरब संभार, 'द्यानत' अधिक उछाह सों।
भव आताप निवार, दस लच्छन पूजौं सदा॥

ॐ ह्रीं श्री उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री रत्नत्रय अर्घ्य

आठ दरब निरधार, उत्तम सों उत्तम लिये।
जनम रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ॥

ॐ ह्रीं श्री रत्नत्रयायानर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्धचक्र अर्घ्य

निर्मल सलिल शुभ वास चन्दन धवल अक्षत युत अनी।
शुभ पुष्प मधुकर नित रमें, चरु प्रचुर स्वाद सुविधि धनी॥
वर दीपमाल उजाल धूपायन रसायन फल भले।
करि अर्घ सिद्ध समूह पूजित कर्म अरि सब दलमले॥
ते क्रमावर्त नशाय युगपत ज्ञान निर्मल रूप हैं।
दुख जन्म टार अपार गुण सूक्षम सरूप अनूप हैं॥
कर्माष्ट बिन त्रैलोक्य पूज्य अदूज शिवकमलापती।
मुनि ध्येय सेय अमेय चहुँगुण, ज्ञेय द्यो हम शुभमती॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनाहत-पराक्रमाय सकलकर्मविमुक्ताय श्रीसिद्धचक्राधिपतये श्री सम्मत्तणाण-दंसणवीर्य-सुहमत्त-अवग्गहणं-अगुरुलघु-अव्वावाहं अष्टगुणसंयुक्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विनायकयन्त्र अर्घ्य

सुवरण के थाल भराये, शुचि आठों द्रव्य मिलाये।
गुरुपंच परम सुखदाई, हम पूजें ध्यान लगाई॥

ॐ ह्रीं अर्हं मंगलोत्तम-शरणभूतेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा॥

नवदेवता अर्घ्य

जल गन्ध अक्षत पुष्प चरु, दीपक सुधूप फलार्घ्य ले।
वर रत्नत्रय निधिा लाभ यह, बस अर्घ्य से पूजत मिले॥
नवदेवताओं की सदा, जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि, मंगल पाय शिवकान्ता वरें॥

ॐ ह्रीं अर्हदादि-नवदेवेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

सरस्वती अर्घ्य

जल चंदन अक्षत, फूल चरु अरु, दीप धूप अति ग्ल लावे।
पूजा को ठानत, जो तुम जानत, सो नर 'द्यानत' सुखपावे॥
तीर्थंकर की ध्वनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि ज्ञानमई।
सो जिनवरवानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवनमानी पूज्य भई॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अर्घ्यं निर्व. स्वाहा॥

सप्तर्षि अर्घ्य

जल गन्ध अक्षत पुष्प चरुवर, दीप धूप सु लावना।
फल ललित आठों द्रव्य मिश्रित, अर्घ कीजे पावना॥
मन्वादि चारण ऋद्धि धारी, मुनिन की पूजा करूँ।
ता करें पातक हटे सारे, सकल आनन्द विस्तरूँ॥

ॐ ह्रीं श्रीमन्वादि-चारण-सप्तऋषिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

निर्वाण क्षेत्र अर्घ्य

जल गन्ध अक्षत पुष्प चरु फल, दीप धूपायन धरों,
द्यानत करो निर्भय जगत सों, जोरकर विनती करों।
सम्मेदगढ़ गिरनार चम्पा, पावापुरि कैलाश को,
पूजों सदा चौबीस जिन, निर्वाण भूमि निवास को॥

ॐ ह्रीं श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय महार्घ्य

(गीता छंद)

मैं देव श्री अर्हन्त पूजूँ सिद्ध पूजूँ चावसों।
आचार्य श्री उवझाय पूजूँ साधु पूजूँ भावसों।।1।।
अर्हन्त भाषित बैन पूजूँ द्वादशांग रचे गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरुचरण शिव हेतु सब आशा हनी।।2।।
सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि दया मय पूजूँ सदा।
जजुँ भावना षोडश रत्नत्रय जा बिना शिव नहिं कदा।।3।।
त्रैलौक्य के कृत्रिम अकृत्रिम चैत्य चैत्यालय जजूँ।
पंच मेरु नंदीश्वर जिनालय खचर सुर पूजि भजूँ।।4।।
कैलाश श्री सम्मेद श्री गिरनार गिरि पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा।।5।।
चौबीस श्री जिनराज पूजूँ बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहस वसु जपि होय पति शिवगेह के।।6।।

(दोहा)

जल गंधाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूजहूँ, बहुविधि भक्ति बढ़ाय।।7।।

ॐ ह्रीं भावपूजा भाववंदना त्रिकालपूजा त्रिकालवंदना करे करावे भावना भावे श्री अरहंतजी सिद्धजी आचार्यजी उपाध्यायजी सर्वसाधुजी पंच परमेष्ठिभ्योनमः, प्रथमानुयोग करणानुयोग चरणानुयोग द्रव्यानुयोगेभ्यो नमः, दर्शनविशुद्धयादि षोडशकारणेभ्यो नमः, उत्तमक्षमादि दशलाक्षणिकधर्माय नमः, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्रेभ्यो नमः, जलके विषैं थलके विषैं आकाशके विषैं गुफाके विषैं पहाड़के विषैं नगर नगरी विषैं ऊर्ध्वलोक मध्यलोक पाताललोक विषैं विराजमान कृत्रिम अकृत्रिम जिन चैत्यालय जिनबिम्बेभ्योनमः, विदेहक्षेत्रे

विहरमान बीस तीर्थंकरेभ्यो नमः, पाँच भरत पाँच ऐरावत दशक्षेत्र सम्बन्धी तीस चौबीसी के सातसौ बीस जिनराजेभ्यो नमः, नन्दीश्वरद्वीप सम्बन्धी बावन जिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो नमः, पंचमेरुसम्बन्धि अस्सी जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्योनमः, सम्मेदशिखर कैलाश-चंपापुर-पावापुर-गिरनार-सोनागिर-मथुरा-तारंगा-आदि सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः, जैनबद्री-मूडबिद्री-देवगढ़-चन्देरी-पपौरा-हस्तिनापुर-अयोध्या-राजगृही-चमत्कारजी-श्रीमहावीरजी-पद्मपुरी-तिजारा-बड़ागांव-आदि अतिशयक्षेत्रेभ्यो नमः, श्री चारणऋद्धिधारी सप्तपरमर्षिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमंतं भगवन्तं कृपावन्तं श्रीवृषभादि महावीरपर्यन्तं चतुर्विंशति तीर्थंकर परमदेवं आद्यानां आद्ये जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखंडे...नाम्नि नगरे मासानामुत्तमे...मासे शुभे...पक्षे शुभ...तिथौ...वासरे.....मुनि-आर्यिका-श्रावक-श्राविकाणां-सकलकर्मक्षयार्थं अनर्घ्यपदप्राप्तयेसम्पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांति पाठ

(गीता छन्द)

शांतिनाथ! मुख शशि उनहारी, शील गुण व्रत, संयमधारी।
लखन एकसौ आठ विराजैं, निरखत नयन कमल दल लाजें॥1॥
पंचम चक्रवर्ति पदधारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।
इन्द्र नरेन्द्र पूज्य जिननायक, नमौं शांतिहित शांतिविधायक॥2॥
दिव्य विटप पहुपन की वरषा, दुंदुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी॥3॥
शांति जिनेश शांति सुखदाई, जगत् पूज्य पूजौं सिरनाई।
परम शांति दीजे हम सबको, पढ़ें तिन्हें पुनि चार संघ को॥4॥

(वसन्ततिलका)

पूजें जिन्हें मुकुट हार किरीट लाके,
इंद्रादिदेव अरु पूज्य पदाब्ज जाके।
सो शांतिनाथ वर वंश जगत् प्रदीप,
मेरे लिये करहु शांति सदा अनूप॥5॥

(इन्द्रवज्रा)

संपूजकों को प्रतिपालकों को,
यतीनकों को औ यतिनायकों को।
राजा प्रजा राष्ट्र सुदेश को ले,
कीजे सुखी हे जिन! शांति को दे॥6॥

(स्रग्धरा)

होवै सारी प्रजा को सुख, बलयुत हो धर्मधारी नरेशा।
होवे वर्षा समय पै, तिलभर न रहे व्याधियों का अंदेशा।
होवे चोरी न जारी, सुसमय वरते हो न दुष्काल मारी।
सारे ही देश धारें, जिनवर वृष को जो सदा सौख्यकारी॥7॥

(दोहा)

घाति कर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज।
शांति करें सब जगत् में, वृषभादिक जिनराज॥8॥

(मन्दाक्रान्ता)

शास्त्रों का हो पठन सुखदा, लाभ सत्संगती का।
सद्व्रतों का सुजस कहके, दोष ढाँकू सभी का॥9॥
बोलूँ प्यारे वचन हित के, आपका रूप ध्याऊँ।
तौलौ सेऊँ चरण जिन के, मोक्ष जौ लौ न पाऊँ॥10॥

(आर्या)

तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तबलौं लीन रहे प्रभु, जबलौं पाया न मुक्तिपद मैंने॥11॥
अक्षर पद मात्रा से दूषित, जो कुछ कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणा करि पुनि छुड़ाहु भवदुःख से॥12॥
हे जगबंधु जिनेश्वर! पाऊँ तव चरण शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ कर्मों का, क्षय सुबोध सुखकारी॥13॥

विसर्जन पाठ

बिन जाने वा जान के, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद तै परम गुरु, सो सब पूरन होय॥
पूजन विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान।
और विसर्जन भी नहीं, क्षमा करो भगवान्॥
मंत्र हीन धन हीन हूँ, क्रिया हीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव॥
श्रद्धा से आराध्य पद, पूजे भक्ति प्रमाण।
पूजा विसर्जन मैं करूँ, सदा करो कल्याण।
आए जो जो देवगण पूजे भक्ति प्रमान।
ते अब जावहु कृपा करें अपने अपने थान॥

इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्

याग मण्डल विधान पूजन

स्थापना (गीतिका छंद)

सर्वज्ञ जिन परमातमा, शत इंद्र आदि वंदिता।
मुक्ति रमा के कंत सूरि, पाठका मुनि नंदिता॥
ये पंच गुरु जग में सदा ही, पाप मल क्षालन करें।
अर्चना पूजा थुति शुभ, नित नियम पालन करें॥

दोहा- पंच गुरू को भाव युत, हृदय कमल पधराय।
याग मंडल पूजकर, अघ समूह नश जाय॥

ॐ ह्रीं जिनबिम्बप्रतिष्ठाविधाने सर्वयागमण्डलोक्ता जिनमुनय! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं जिनबिम्बप्रतिष्ठाविधाने सर्वयागमण्डलोक्ता जिनमुनय! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं जिनबिम्बप्रतिष्ठाविधाने सर्वयागमण्डलोक्ता जिनमुनय! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

अष्टक

(चाल-सोलहकारण पूजन)

रत्न कलश में भरकर नीर, पूजों पंच गुरु गुणधीर,
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज॥
पंच कल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय,
पूज्य ऋषिराज...॥

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

द्विपञ्चाशत चंदन लाय, पंच गुरु के चरण चढ़ाय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज॥

पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्ण चंद्र सम तंदुल लाय, अक्षय पद के हेतु चढ़ाय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।
पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

षटऋतु के सब सुमन मंगाय, जिनवर पूज काम नश जाय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।
पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

षट्रस मिश्रित व्यंजन लाय, क्षुधा नशाने नित्य चढ़ाय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।
पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गोघृत के शुभ दीप जलायें, मोह नाशने तव पद आये।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।

पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वसुविध धूप अग्नि में खेय, कर्म नाशकर शिव सुख देय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।
पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्ष मनोहर सुफल मँगाय, शिव पद हेतु चरण चढ़ाय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।
पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो महामोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक शुभ द्रव्य मिलाय, पद अनर्घ्य के हेतु चढ़ाय।
पूज्य ऋषिराज, जय-जय पंच गुरु जिनराज।।
पंचकल्याणक पूज रचाय, बिंबादि सुप्रतिष्ठ कराय।
पूज्य ऋषिराज...।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे सर्वयज्ञेश्वर-जिनमुनिभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रथम वलय

पंचपरमेष्ठी अर्घ्य

वीतराग सर्वज्ञ हितंकर, सकल केवली परमातम।
शुद्ध बुद्ध निरुपम अविकारी, नित्य निरंजन जिन आतम॥
मन वच तन को शुद्ध बनाकर, वसुविध द्रव्य चढ़ाता हूँ।
पद अनर्घ की प्राप्ति हेतु, तव चरणों में आता हूँ॥

ॐ ह्रीं अनन्तभवार्णवभयनिवारकानन्तगुणस्तुताय अर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

द्रव्य भाव नौ कर्म रहित श्री, शिव रामा भरतार कहे।
लोक शिखर पर राजित हैं जो, मम उर में वे नित्य रहें॥
सकल कर्म के नाश करन को, हम तव पूज रचाते हैं।
भव सागर को पार करें हम, यही भावना भाते हैं॥

ॐ ह्रीं अष्टकर्मविनाशक-निजात्मतत्त्व-विभासक-सिद्ध- परिमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥2॥

पंचाचार सदा पालें जो, भव्यों का करते उपकार।
माँझी बनकर नैया खेते, फँसे हुए हैं जो मँझधार॥
षट्त्रिंशत गुणधारी भगवन्, द्वार तुम्हारे आया हूँ।
रत्नत्रय की निधि पाने को, चित का पात्र बनाया हूँ॥

ॐ ह्रीं अनवद्यविद्योतन-आचार्यपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥3॥

ग्यारह अंग चतुर्दश पूरब, के पाठी मुनिवर विद्वान्।
धर्म देशना देते निशदिन, साधक गण में आप महान्॥
स्वपर ज्ञान का दीप जलाते, नाशें जो त्रय तम विकराल।
ऐसे पाठक गुरु के पद में, वंदन मेरा रहे त्रिकाल॥

ॐ ह्रीं द्वादशांगपरिपूर्णश्रुतपाठनोद्यत-बुद्धि-विभवोपाध्याय- परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥4॥

पंच महाव्रत समिति गुप्ति धर, दश धर्मों को जो धारें।
विषय कषाय आरंभ परिग्रह, सबसे चित को निरवारें॥
ज्ञान-ध्यान-तप लीन निरंतर, समता रस के जो भोगी।
नित प्रति वंदन करूँ मुनि का, जो निर्ग्रंथ महायोगी॥

ॐ ह्रीं घोरतपोऽभिसंस्कृत-ध्यानस्वाध्यायनिरत-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥5॥

मंगल

(छंद-दोहा)

अर्हत् जिन मंगल सदा, अरि रज रहस विहीन।
शाश्वत मंगल धाम वे, रहें स्वात्म नित लीन॥

ॐ ह्रीं अर्हत्परमेष्ठिमंगलाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥6॥

कर्म रहित सिद्धातमा, मुक्ति रमा के कंत।
मं हारक सुख देय नित, वे प्रभु सिद्ध अनंत॥

ॐ ह्रीं सिद्धमंगलाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥7॥

साधु मंगल जगत् में, करें लोक उपकार।
अघ मल हारक सुखद शुभ, खड़े मोक्ष के द्वार॥

ॐ ह्रीं साधुमंगलाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥8॥

जिनवृष मंगल करत है, तीन लोक तिहुँ काल।
सुख वांछक भवि जीव नित, नमते ताँहि त्रिकाल॥

ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्ममंगलाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥9॥

उत्तम

(छंद-चौपाई)

जिनवर लोक माँहि हैं उत्तम, ध्यान धरें वे रहें गुणोत्तम।
वीतराग गतद्वेष हितैषी, हे सर्वज्ञ स्वात्म अन्वेषी॥

ॐ ह्रीं अर्हल्लोकोत्तमाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥10॥

सकल सिद्ध तिहुँ कर्म विहीना, शाश्वत शुद्ध आत्मपद लीना।
ध्यान सिद्ध का कर्म विनाशे, उत्तम चिन्मय ज्ञान प्रकाशे।।
ॐ ह्रीं सिद्धलोकोत्तमाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

उत्तम सूरि पाठक साधु, कांक्षा छोड़ नित्य आराधूँ।
रत्नत्रय की निधि जो देते, भव पीड़ा पल में हर लेते।।
ॐ ह्रीं साधुलोकोत्तमाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

हिंसा रहित धर्म हितकारी, प्राणी मात्र को नित्य सुखारी।
दुख सागर से पार लगावें, धर्मोत्तम जिन सिद्ध बनावे।।
ॐ ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्मलोकोत्तमाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

शरण

(छंद-चउबोला)

जिनका आश्रय पाने से अघ, सर्व नष्ट हो जाते हैं।
मंगल उत्तम शरण रूप जिन, को हम अर्घ्य चढ़ाते हैं।।
ॐ ह्रीं अर्हत्शरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

कर्म हीन वे सिद्ध निरंजन, तीन लोक के स्वामी हैं।
प्राणी मात्र को आश्रय दाता, पर से पूर्ण अकामी हैं।।
ॐ ह्रीं सिद्धशरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

शरण लहूँ मैं सूरी वर की, पाठक साधु मुनि प्यारे।
पाप ताप संताप मिटे मम, संयम को निज में धारे।।
ॐ ह्रीं साधुशरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

तीन लोक में है सुखकारक, प्राणी मात्र उपकारी है।
जो भी शरण गहे भवि इसकी, जिनवृष दुख अपहारी है।।
ॐ ह्रीं धर्मशरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

पूर्णार्घ

घत्ता- अरिहंत जिनेश्वर, सिद्ध महेश्वर, साधु मुनीश्वर धर्म गहुँ।
मंगल सर्वोत्तम, शरण जिनोत्तम, शिव पाने मैं नित्य चहुँ।

ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्ब-प्रतिष्ठोत्सवे अर्हत्परमेष्ठि-प्रभृति-धर्म-शरणान्तप्रथम वलयस्थित-सप्तदश-जिनाधीशयज्ञदेवताभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वितीय वलय

भूतकाल चौबीस तीर्थंकर अर्घावली

तर्ज-ओ बुलाय लो.....

निर्वाण जिनेश्वर स्वामी, निज पद में पूर्ण विरामी।
वसु कर्म पूर्णत: नाशे, निज आतम तत्त्व प्रकाशे।।

ॐ ह्रीं श्रीनिर्वाणजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

श्री सागर जिनवर ध्याऊँ, अरु मोक्ष लक्ष्मी पाऊँ।
जिन भक्ति पार उतारे, मम सारे काम सँवारे।।

ॐ ह्रीं श्रीसागरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

महासाधु आप शिव नेता, तुम ही हो कर्म विजेता।
मैं कर्म विजय कर पाऊँ, तबलो तुमको नित ध्याऊँ।।

ॐ ह्रीं श्रीमहासाधुजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

सर्वज्ञ विमल जिनदेवा, मैं करूँ चरण तव सेवा।
पूजन कर कर्म खपाऊँ, मैं भवदधि को तर जाऊँ।।

ॐ ह्रीं श्रीविमलप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

आभा है शुद्ध तुम्हारी, महिमा गाते नरनारी।
शुद्धाभ देव तुम प्यारे, भवदधि से हमको तारें।।

ॐ ह्रीं श्रीशुद्धाभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

श्रीधर श्री जी हैं प्यारे, मुक्ति श्री चित में धारे।
निज सर्व श्री को पाऊँ, पद अम्बुज हृदय बसाऊँ।।
ॐ ह्रीं श्री श्रीधरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

श्री दत्त अभय श्री देवें, जो भविजन जिन पद सेवें।
मैं नित प्रति पूज रचाऊँ, और आठों कर्म नशाऊँ।।
ॐ ह्रीं श्री श्रीदत्तजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

सिद्धों सी आभा तेरी, भव भव की मेटे फेरी।
सिद्धाभ जिनेश्वर अर्चूं, निज आतम की निधि चर्चूं।।
ॐ ह्रीं श्रीसिद्धाभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

तुम त्रिविध कर्ममल हीना, श्री अमल प्रभु सुख दीना।
हम सर्व पाप मल धोवें, शुभ बीज मोक्ष के बोवें।।
ॐ ह्रीं श्रीअमलप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

उद्धार देव मुनि वंदित, स्वातम में नित आनंदित।
उद्धार करें सब जग को, दर्शाते हैं शिव मग को।।
ॐ ह्रीं श्रीउद्धारदेवजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

तप अग्नि कर्म जलाए, श्री अग्नि देव कहलाए।
हम भक्ति अग्नि बनाकर, शिव पाएँ आत्म तपाकर।।
ॐ ह्रीं श्रीअग्निदेवजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

श्री संयम हैं शिव नेता, अरु इंद्रिय कर्म विजेता।
संयम धरि पाप नशाऊँ, मुक्ति श्री को परिणाऊँ।।
ॐ ह्रीं श्रीसंयमजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

श्री शिवदेवा तीर्थंकर, हो प्राणी मात्र क्षेमंकर।
शिवदेव नाथ नित ध्याऊँ, चरणों की पूज रचाऊँ।।
ॐ ह्रीं श्रीशिवजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

मैं पुष्प अंजलि लाया, पुष्पांजलि चरण चढ़ाया।
दिन रैन जजें तुम चरणा, निश्चित अब भवदधि तरना॥
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पाञ्जलिजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

उत्साह जिनेश्वर स्वामी, उत्साह भरे शिवगामी।
उत्साह पूर्वक ध्याऊँ, मैं उत् का शाह बन जाऊँ॥
ॐ ह्रीं श्रीउत्साहजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

हे परमेश्वर जिन देवा, करते हम तव पद सेवा।
गुरु सेवा है सुखदायी, नित पूजत पाप नशायी॥
ॐ ह्रीं श्रीपरमेश्वरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

सर्वज्ञ देव जिन स्वामी, हो ज्ञानेश्वर जगनामी।
शुभ केवल बोधि पाने, हम आये अर्घ्य चढ़ाने॥
ॐ ह्रीं श्रीज्ञानेश्वरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

हो विगत कर्म मल देवा, हे विमलनाथ जिनदेवा।
निज आतम शुद्ध बनाने, आए हम तव गुण गाने॥
ॐ ह्रीं श्रीविमलेश्वरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

यश धारक श्री जिननाथा, सुरगण नावे निज माथा।
जो पद रज माथ लगावें, भव सागर से तिर जावें॥
ॐ ह्रीं श्रीयशोधरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

हे कृष्णमति तीर्थेशा, पूजें शक्रादि हमेशा।
हमने तव पूज रचाई, निज आतम की निधि पाई॥
ॐ ह्रीं श्रीकृष्णमतिजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

तुम ज्ञानमति सिद्धीश्वर, पूजें तुमको योगीश्वर।
तुम चरणों लगन लगावें, निज आतम ज्योति जलावें॥
ॐ ह्रीं श्रीज्ञानमतिजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

सर्वज्ञ देव गुणधीरा, जय शुद्ध मति जिन वीरा।
तुम चरणों धोक लगाऊँ, आतम का वैभव पाऊँ॥
ॐ ह्रीं श्रीशुद्धमतिजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

श्री भद्र भद्र भवि कर्ता, शिव रमणी के शुभ भर्ता।
भव सागर शोषक भानू, मम चित्त सदा तुम आनू॥
ॐ ह्रीं श्री श्रीभद्रजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

तुम नंत चतुष्टयधारी, हे नंतवीर्य हितकारी।
जो चरणन पूज रचावें, वे मुक्तिमहल में जावे॥
ॐ ह्रीं श्रीअनंतवीर्यजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

घत्ता- हे भूत जिनेशा, परम महेशा, आत्म गुणेशा तीर्थंकर।
श्री भरत ठान के, जिन प्रमाण के, प्राणी मात्र को क्षेमंकर॥
ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्ब-प्रतिष्ठामहोत्सवे यागमण्डलेश्वर द्वितीय-वलयोन्मुनि-निर्वाणाद्यन्तवीर्यान्तेभ्यो भूतजिनेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय वलय
वर्तमान काल चौबीस तीर्थंकर अर्घावली

तर्ज-जय केवल भानु.....

जय ऋषभदेव नाभिनंदा, भवि पूज लहें नित आनंदा।
अष्टापद मोक्ष पधारे जिन, पूजें पद अंबुज हम निश दिन॥
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

हे तुरिय काल आदि जिनवर, हे अजितनाथ श्री मुक्तिवर।
जय अजित अजितपद देनहार, वंदन करते हम बार-बार॥
ॐ ह्रीं श्रीअजितनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

संभव भव भय करते विदीर्ण, वसु कर्मन को तुम किये जीर्ण।
मुक्ति वनिता तुम परिणायी, निज चेतन शाश्वत निधि पायी॥
ॐ ह्रीं श्रीसंभवनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

तीर्थंकर श्री जिन अभिनंदन, भवि जन करते नित-नित वंदन।
वंदन बंधन का हर्ता है, शिव सुख का निश्चित कर्ता है॥
ॐ ह्रीं श्रीअभिनंदननाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

श्री सुमति सु मति के दाता हैं, तीर्थेश आप विख्याता हैं।
हर कुमति सुमति हम पा जाएँ, तव सन्निधि में हम आ जायें॥
ॐ ह्रीं श्रीसुमतिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

श्री पद्म प्रभो के पद पंकज, भविजन धरते निज उर अंबुज।
मिथ्यातम सब मिट जाता है, चिन्मय प्रकाश मिल जाता है॥
ॐ ह्रीं श्रीपद्मप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

जय श्री सुपार्श्व भव पाश नशें, मुक्ति निकेत में नित्य बसें।
तव दर्शन सब अघहारी है, पूजक बनता अविकारी है॥
ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

श्री चन्द्रप्रभो द्युति इंदु सी, महिमा अचिन्त्य तव सिंधु सी।
तव भक्ति मोह तिमिर हरती, भव्यों को मुक्ति सुख करती॥
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

श्री सुविधि नाथ शिव विधि कर्ता, संपूर्ण कुविधि के तुम हर्ता।
निज आतम वैभव हम पायें, निशदिन तव शुभ मंगल गाएँ॥
ॐ ह्रीं श्रीसुविधिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जय शीतल जिन शशि शीत करं, संसार ताप अघ तिमिर हरं।
भविजन पद अंबुज चित्त धरं, रत्नत्रय पा बने मुक्ति वरं॥
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

श्रेयस्कर श्रेयनाथ भगवन्, हम पूजें तुमको मन वच तन।
तुम विश्व अमंगल हारक हो, लोकत्रय में सुख कारक हो॥
ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥11॥

श्री वासुपूज्य जिन नमूँ तुम्हें, हे बालयतीश्वर जजूँ तुम्हें।
तुम काम विनाशक देव महा, भवि चरण पूज लहें मोक्ष अहा॥
ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥12॥

विमलेश्वर विमलमती धारी, कांपिल्य नगर जिन अवतारी।
भवदधि शोषक तुम जिन रवि हो, अक्षोभ अखंड महाकवि हो॥
ॐ ह्रीं श्रीविमलनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥13॥

निज गुण अनंत धारी मुनिवर, कामादि शत्रु जीते जिनवर।
तुम नंत भवों के नाशक हो, चैतन्य सुगुण सुविकासक हो॥
ॐ ह्रीं श्रीअनंतनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥14॥

हे धर्मनाथ जिन तीर्थंकर, मोहादि शमन को शिव शंकर।
तव अंक पाए भवि हो निशंक, तव भक्ति क्षालती पाप पंक॥
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥15॥

अघ शांतिकरण जिन शांतिनाथ, पद अंबुज में भवि रखें माथ।
तव अर्घ देय मिलता अनर्घ, भवि पाते तब अपवर्ग स्वर्ग॥
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥16॥

कुन्थ्वादि जीव रक्षा करेय, भविजन को प्रतिक्षण सुक्ख देय।
तुम घाति अघाति नाश कीन, हम रहें चरण में सदा लीन॥
ॐ ह्रीं श्रीकुंथुनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥17॥

कर्मारि अष्ट पर विजय पाये, श्री अर जिनवर की शरण आये।
पूजें तुमको वसु द्रव्य लेय, वसु गुण देते सबको अजेय॥
ॐ ह्रीं श्रीअरनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥18॥

अघ मोह मल्ल नाशक सुवीर, श्री मल्लिनाथ जिन गुण सुधीर।
रति कामदेव नाशक सुदेव, अक्षय निधि पाते भवि सदैव।।
ॐ ह्रीं श्रीमल्लिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

मुनिसुव्रत व्रत दायक पुमान्, मुनिगण पूजें चित धरें ध्यान।
तव अर्चन नित शिव सौख्य देत, भवि पूज लहें मुक्ति निकेत।।
ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

चिन्मय मणि सम नमि जिन सुदेव, भविजन करते तुमरी सुसेव।
भव पंच विनाशक गुण निधान, भवि पूज लहें नित तत्त्व ज्ञान।।
ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

हरिवंश तिलक नेमि जिनेश, राजुल तज आप बने शिवेश।
चिद्कला प्रकाशक पूर्ण इंदु, हो नंत गुणों के आप सिंधु।।
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

चिंतामणि पारसनाथ भूप, पूजक पायें निज गुण अनूप।
सब वांछा पूरण करत आप, चिद् शांति लहे तज भवाताप।।
ॐ ह्रीं श्रीपारसनाथजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

श्री वर्द्धमान सन्मति सुवीर, कर्मारि जीत बने महावीर।
अतिवीर नाम बल नंत देत, स्वर्गापवर्ग का मुख्य हेत।।
ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

पूर्णार्घ्य

दोहा- वृषभादि महावीर को, पूजूँ मन वच काय।
ऋद्धि सिद्धि संपति मिले, नाक मोक्ष पद पाय।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्ब-प्रतिष्ठोत्सवे यागमण्डले मखमुख्यार्चित-तृतीय वलयोन्मुद्रित-वर्तमान-चतुर्विंशति-जिनेभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चतुर्थ वलय
भविष्य काल के चौबीस तीर्थंकरों की अर्घावली

तर्ज- मेरे यार सुदामा रे....

पूजूँ भावी तीर्थेश, भाई जिनमंदिर में आके।
पूजा महापद्म की कर ले, अपना पाप तिमिर तू हर ले,
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।
बोलूँ जयकारा रे में आके भाई जिनमंदिर में आके।
पूजूँ भावी तीर्थेश, भाई जिनमंदिर में आके।।

ॐ ह्रीं श्रीमहापद्मजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

श्री सुरदेव सु पूजित स्वामी, अक्ष विषय से पूर्ण अकामी।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
वसु द्रव्य चढ़ाऊँ रे, भाई जिनमंदिर में आके।।

ॐ ह्रीं श्रीसुरदेवजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

जगपूजित सुपार्श्व जिन अनुपम, पूजक पाते वैभव निरुपम।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
अनिमेष निहारूँ रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

जिनवर स्वयं प्रभु कल्याणी, भवदधि तारक जिनवर वाणी।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्तिरमा को तू भी वर ले।।
धर्म की महिमा गाले रे भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीस्वयंप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

श्री सर्वात्मभूत जिनदेवा, शत इन्द्रादिक करते सेवा।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
प्रभु भक्ति कर ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीसर्वात्मभूतजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

हे जिन देवपुत्र सुख आकर, भव आतप को आप सुधाकर।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्तिरमा को तू भी वर ले।।
आतम निधि पाले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीदेवपुत्रजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

पुण्योदय भव्यों का आया, जिन कुलपुत्र सुयश सुर गाया।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्तिरमा को तू भी वर ले।।
पूजार्चन कर ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीकुलपुत्रजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

पाप विनाशक देव उदंका, अर्चा से धुलती विधि पंका।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
निज दर्शन कर ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीउदंकजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

श्री प्रोष्ठिल जिन को नित ध्याऊँ, पूजा करके शिव सुख पाऊँ।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्तिरमा को तू भी वर ले।।
सम्यक्दृष्टि हो जा रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीप्रोष्ठिलजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

अठ दश दोष रहित जिन स्वामी, श्री जयकीर्ति त्रिभुवन नामी।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
प्रभु छवि बसा ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीजयकीर्तिजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

सद्व्रत के मुनिसुव्रत दानी, महिमा गाते गणधर ज्ञानी।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्तिरमा को तू भी वर ले।।
निज शांति पा ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

अर जिन वीतराग जितद्वेषी, भव्य जनों के आप हितैषी।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्तिरमा को तू भी वर ले।।
स्वातम सुख पा ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीअरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

श्री निष्पाप प्रभु को ध्याते, पापों के घन दूर भगाते।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
भक्ति रस बरसे रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीनिष्पापजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

हैं जिन निष्कषाय विधि जेता, स्तुति करते अक्ष विजेता।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
वांछित फल पा ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीनिष्कषायजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

जिन सुख दर्श ज्ञान के दाता, विपुल जिनेश्वर शीश झुकाता।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
भव सागर तिर ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीविपुलजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

निर्मल भाव बनाकर आया, निर्मल जिन को चित्त बसाया।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
बहु पुण्य कमा ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीनिर्मलजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

जय हो चित्रगुप्त जिनदेवा, पूजन से मिले मुक्ति मेवा।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले।।
वृष ध्यान बढ़ा ले रे, भाई.....।।

ॐ ह्रीं श्रीचित्रगुप्तजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

समाधिगुप्त प्रभु अकलंका, भक्ति हरती पाप कलंका।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
संयम निधि पा ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीसमाधिगुप्तजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

स्वयंभू देव तेरा यश गाया, तुमसा ही बनने को आया।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
प्रभु की गाथा गा ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीस्वयंभूजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

श्री जिन अनिवर्तक शुभ कर्ता, तेरा नाम मात्र अघ हर्ता।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
प्रभु माला जप ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीअनिवर्तकजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

जयदेवा प्रभु की जय करता, जीवन में सदैव जय वरता।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
जीवन मंगल कर ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीजयदेवजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

जयवंतो जिनदेव विमल हो, विमलमति मम भाव विमल हो,
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
शुभ सन्मति पा ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीविमलजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

जय जिन देवपाल जग वंदित, सुरगण पूजें हों आनंदित।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
सब कर्म खपा ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीदेवपालजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

जिनवर नंतवीर्य बलधारी, बल पाऊँ मैं विधि क्षयकारी।
योगत्रय से पूजन कर ले, मुक्ति रमा को तू भी वर ले॥
नर भव सफल बना ले रे, भाई.....॥

ॐ ह्रीं श्रीअनंतवीर्यजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

पूर्णार्घ्य

दोहा- भरत क्षेत्र भावी जजूँ, तीर्थंकर भगवान।
बद्धांजलि सिर नायकर, सदा करूँ गुणगान॥

ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे यागमण्डले मखमुख्यार्चित-चतुर्थ वलयोन्मुद्रितानागत-चतुर्विंशति-महापद्माद्यनंतवीर्यांतेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचम वलय

विदेह क्षेत्र के विद्यमान बीस तीर्थंकर अर्घावली

(छंद-चउबोला)

भक्ति भाव से तव चरणों की, भविजन पूजन करते हैं।
विदेह क्षेत्र के तीर्थंकर जिन, सीमंधर उर धरते हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीसीमन्धरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

युगमंधर तमहर जिन स्वामी, धर्मप्रवर्तक कहलाते।
स्वात्म निधि को पाने भविजन, तव चरणों में नित आते॥

ॐ ह्रीं श्रीयुगमन्धरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

रत्नत्रय है प्रबल सहारा, बाहू जिन भवि को देते।
शाश्वत अंधकार को क्षण में, दिव्य ध्वनि से हर लेते॥

ॐ ह्रीं श्रीबाहुजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

महासुबाहु जिनवर प्यारे, महाव्रतों के संपोषक।
जिन शासन के आप सूर्य हैं, पाप पयोधि अवशोषक॥
ॐ ह्रीं श्रीसुबाहुजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति।।4।।

सम्यक बोधि के संजातक, नाम सारथक निज कीना।
आप शरण बिन भवि जीवों का, रहे व्यर्थ में है जीना॥
ॐ ह्रीं श्रीसंजातकजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

अर्घ चढ़ाऊँ स्वयं प्रभु को, पद अनर्घ्य मिल जाएगा।
रुद्ध होए भवकानन का मग, मुक्ति द्वार खुल जाएगा॥
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्वयंप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

ऋषभानन ऋषि का आनन तो, आभा दिव्य नित्य देता।
जो भी भविजन अर्चा करता, मोह तिमिर को हर लेता॥
ॐ ह्रीं श्रीऋषभाननजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

बल अनंत के धारी जिनवर, शाश्वत शिव के दाता हो।
नंतवीर्य की पूजा करते, मिलती शाश्वत साता हो॥
ॐ ह्रीं श्रीअनंतवीर्यजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सूर्य समा आभा तव मन की, मोहतिमिर त्रय दूर करे।
सूरि प्रभो की पूजा करके, को ना मुक्ति वाम वरे॥
ॐ ह्रीं श्रीसूरिप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

भव विशाल यह दुख दायक है, भव-भव नाच नचाता है।
श्री विशाल प्रभ पूजन करता, वही मोक्ष पद पाता है॥
ॐ ह्रीं श्रीविशालप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

नाथ वज्रधर अघ संहारक, प्रभुवर पूर्ण अकामी हो।
तीर्थ प्रवर्तक भवदधि तारक, निज परिणति अनुगामी हो॥
ॐ ह्रीं श्रीवज्रधरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

निर्मल शाश्वत पूर्ण विकासी, चंद्रानन अनुपम स्वामी।
शुद्ध चेतना की परिणति में, अविचल अक्षय अविरामी।।
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्राननजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

हे जिन घोर मोह तम हारक, चंद्रबाहु जिन कहलाते।
नाम मात्र स्मरण जो करते, पद अनर्घ वे पा जाते।।
ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रबाहुजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

अक्ष विषय ही महाभुजंगा, उनके नाशक जिनवर हैं।
देव भुजंगम तीर्थंकर प्रभु, मुक्ति रमा के प्रियवर हैं।।
ॐ ह्रीं श्रीभुजंगमजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

ईशों के ईश्वर तीर्थंकर, धर्म तीर्थ के कर्ता हैं।
नादिकाल से पतितजनों के, शिवनायक शिवकर्ता हैं।।
ॐ ह्रीं श्रीईश्वरजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

क्षेमंकर क्षेमंधर स्वामी, अरि रज रहस विनाशक हैं।
"नेमिप्रभ" मम हृदय विराजें, जो मम चित्त विकासक हैं।।
ॐ ह्रीं श्रीनेमिप्रभजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

सेना वीरसेन जिनवर की, कर्म सैन्य को चूर करे।
गुण अनंत चिन्मय जिन पाकर, मुक्तिरमा को शीघ्र वरें।।
ॐ ह्रीं श्रीवीरसेनजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

सर्वभद्र कर्ता परमेश्वर, महाभद्र भवि सुखकारी।
द्रव्यभाव नो कर्म विनाशक, आत्मसिद्धि के अधिकारी।।
ॐ ह्रीं श्रीमहाभद्रजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

यश धारक यशकारक जिनवर, शुभ्रदेव यश नित गाते।
यश सुर सरिता में अवगाहन, कर भवि नित अति हर्षाते।।
ॐ ह्रीं श्रीदेवयशोजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

मोह शत्रु को जीत अजित जिन, शिव रामा वरने चाले।
अजित वीर्य जिन की थुति गाऊँ, भविजन के नित रखवाले॥

ॐ ह्रीं श्रीअजितवीर्यजिनाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

घत्ता- विंशति तीर्थंकर, सर्व हितंकर, विदेह क्षेत्र के सुर पूजित।
हम अर्घ्य चढ़ायें, तव गुण गाएँ, तव पद में चित आनंदित॥

ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे मखमुखार्चित-पञ्चमवलयोन्मुद्रित विदेहक्षेत्र-सुषष्ठिसहितैकशतजिनेशसंयुक्त-नित्यविहरमाणविंशतिजिनेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

षष्टम् वलय
अरिहंत परमेष्ठी के 46 मूलगुणों की अर्घावली

(तर्ज- वंदे जिनवर...)

जन्म के दस अतिशय

कामदेव से भी अति सुंदर, रूप आपका मनहर है,
भावी सिद्ध पूजते तुमको, तू ही सच्चा जिनवर है।
अतिशय रूप जन्म का अतिशय, सुर नर द्वारा वंदित है,
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है॥

ॐ ह्रीं अर्हं अतिशयसुन्दररूपजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

औदारिक तन तो स्वभाव से, दुर्गंधी ही देता है,
हे जिनवर तव रूप मनोहर, सदा सुगंधित रहता है।
देह सुगंधित अतिशय तन का, सुर नर द्वारा वंदित है,
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुगन्धिततनजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

नरतिर्यंच देह में निश्चित, श्रम से स्वेद निकलता है,
श्री जिनेन्द्र तव तन है अनुपम, लेश स्वेद नहीं दिखता है।
निःस्वेदत्व देह जिन अतिशय, सुर नर द्वारा वंदित है,
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं पसेवरहिततनजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

अतिशय निर्मल देह सुपावन, तीर्थंकर की मनहारी।
युत आहार निहार रहित जिन, गाऊँ तव गुण अघहारी।।
देह निहार रहित जिन अतिशय, सुर नर द्वारा वंदित है।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं निहाररहितदेहजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

कभी भूलवश भी श्री मुख से, निंद्य वचन नहीं उच्चारें।
हितकारी मित मधुर वचन ही, शोभित तुमसे हैं प्यारे।।
हित मित प्रिय वचन जिन अतिशय, सुर नर द्वारा वंदित है।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं हितमितप्रियवचनजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

सीमित बल होता प्राणी में, आप असीमित बलधारी।
इंद्रादिक से पूजित जिनवर, महिमा त्रिभुवन में न्यारी।।
अतुल वीर्य अतिशय युत जिनवर, सुर नर द्वारा वंदित हैं।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं अतुलबलजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

क्षीरोदधि सम धवल रक्त तव, वात्सल्य का द्योतक है।
प्राणीमात्र को नंद प्रदाता, धर्म मार्ग संपोषक है।।
श्वेत रुधिर अतिशय युत जिनवर सुर नर द्वारा वंदित है।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्वेतरुधिरजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

एक हजार आठ शुभ लक्षण, तव तन में देखे जाते।
नौ सौ व्यंजन शत अठ लक्षण, आगम में लेखे जाते।।
सहस आठ लक्षण अतिशय जिन, सुर नर द्वारा वंदित है।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं सहस्त्रअष्टोत्तर-शुभलक्षणजन्मातिशयसंयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

शुभ थानक में सुखद आकृति, अंग अवयवों की होती।
समचतुस्र संस्थान निरख भवि, श्रद्धा वृद्धिंगत होती।।
सम चतुस्र संस्थान जिनेशा, सुर नर द्वारा वंदित है।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं समचतुस्रसंस्थानजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

वज्र वृषभ नाराच आपका संहनन जग में उत्तम है।
अस्थि वेष्टन तथा कीलियाँ, वज्रमयी सर्वोत्तम है।।
वज्रवृषभ नाराच युक्त जिन, सुर नर द्वारा वंदित है।
अर्घ चढ़ा जो पूजा करता, रहे परम आनंदित है।।

ॐ ह्रीं अर्हं वज्रवृषभनाराचसंहननजन्मातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

केवलज्ञान के 10 अतिशय

(तर्ज-सोलहकारण भाय...)

चउ दिश शत योजन तक शुभ्र सुभिक्ष है।
जिन सूरज का अतिशय लगता ऋक्ष है।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं शतयोजनसुभिक्षकेवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

केवलज्ञानी नित्य गगन में गमन करें।
इंद्रादि आसन्न भव्य नित नमन करें।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं गगनगमनकेवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

जिनवर का मुखमंडल चहुँ दिश दिखता है।
दर्शन कर भवि कर्म पुण्य में लिखता है।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्मुखप्रतिभासकेवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

हिंस्य भावना कभी नहीं मन में रहती।
तव सन्मुख वात्सल्य दया सरिता बहती।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अदयाभावरहित-केवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

जिन समीप उपसर्ग नहीं किंचित् होता।
पापी बन कर पुण्यवान् अघमल धोता।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें,
भक्ति से जिनभक्त कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं उपसर्गरहित-केवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

कवलाहार न होता केवलज्ञानी के।
कर्म क्षीण होते निश्चित वृष ध्यानी के।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं कवलाहाररहित-केवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

सर्वज्ञान विद्या के स्वामी माने हैं।
इसीलिये ईश्वर ये जग पहचाने हैं।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वविद्याईश्वरत्व-केवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

प्रभु के नख केशों की वृद्धि ना होती।
तव सन्निधि में भवि पाता शिव का मोती।।
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें।।

ॐ ह्रीं अर्हं नखकेशवृद्धिरहित-केवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

पलक झपकती नहीं केवली जिनवर की।
रहती नासा दृष्टि मुक्ति वधु वर की॥
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनिमिषदृगकेवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥19॥

नहीं कभी छाया पड़ती केवलि जिन की।
शब्दों में ना बाँध सके महिमा उनकी॥
अतिशय केवलज्ञानी के गुरुवर कहें।
भक्ति से भवि पाप कर्म निश्चित दहें॥

ॐ ह्रीं अर्हं छायारहित-केवलज्ञानातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥20॥

देवकृत 14 अतिशय

तर्ज- मेरी लगी प्रभु संग प्रीत

है अर्द्धमागधी भाष, भविजन कल्याणी।
सुन निज हित करते आप, जग के सब प्राणी॥
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं॥

ॐ ह्रीं अर्हं अर्द्धमागधीभाषादेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥21॥

हो आपस में शुभ प्रेम, मैत्री भाव धरे।
हों शांत क्रूर परिणाम, भक्ति कुंभ भरें॥
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं॥

ॐ ह्रीं अर्हं परस्परमैत्रीभावदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥22॥

नित स्वच्छ दिशा दश होय, नंदामृत बरसे।
तुम चरण बिना जग जीव, उस सुख को तरसे॥
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं॥

ॐ ह्रीं अर्हं दशदिशनिर्मलदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥23॥

होता निरभ्र आकाश, नहिं घन कृष्ण दिखें।
नहिं धूमकेतु विद्युत, विधि शिवपथ की लिखें॥
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं॥

ॐ ह्रीं अर्हं निर्मलाकाशदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥24॥

फल पुष्प मनोहर नित्य, सब ऋतु के साजें।
होवे आनंद अपार, जिनवर जहाँ राजें॥
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वऋतुफलफूलयुतवृक्षदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥25॥

निर्मल वसुधा हो जात, हीरक सम जानो।
शुभ सुखद परस लें भव्य, अतिशय तुम मानो॥
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं॥

ॐ ह्रीं अर्हं आदर्शवत्भूमिदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥26॥

द्वि शत पच्चीस कमल, जिन पगतल सोहें।
हैं सप्त-सप्त सब ओर, भविजन मन मोहे।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं पगतलद्विशतपंचविंशतिस्वर्णकमलदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

मिल देव करें जयकार, भू नभ हो गुंजित।
आनंदित हैं सब जीव, मन हो सुख मंडित।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं जयकारध्वनिदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

शुभ मंद सुगंध बयार, पुनि-पुनि वहाँ चाले।
मानो संदेशा देत, प्रभुवर गुण गाले।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं मंदसुगंधबयारदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।

प्यारी गंधोदक वृष्टि, मन को शुद्ध करे।
आसन्न भव्य कर भक्ति, मुक्ति वाम वरे।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं गंधोदकवृष्टिदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

कंटक कंकर अरु शूल, भू से हट जाते।
पग पग पर सुमन-सुमन, खिलते मुस्काते।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं निष्कंटकभूमिदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

सम्पूर्ण सृष्टि के जीव, हर्षित तब होते।
जिनदर्शन करके भव्य, निज अघ मल धोते।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं तत्प्रदेशेहर्षभावदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

जिनधर्म चक्र गतिमान, जिनवर के आगे।
सब शीश झुकाते भव्य, अवगुण सब भागे।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मचक्रप्रवर्तन-देवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

जिन धर्म सभा के मध्य, मंगल द्रव सोहें।
वसु गुण प्रतीक वसु द्रव्य, भविजन मन मोहें।।
शुभ देव रचित जग पूज्य चौदह अतिशय हैं,
इन युत पूजूँ जिनदेव, होते अघ क्षय हैं।।

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टमंगलद्रव्यदेवकृतातिशय-संयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

अष्ट प्रातिहार्य

(छंद-दोहा)

तरु अशोक हरता सदा, भविजन के अघ शोक।
भविजन तरु अविलोक कर, देय भक्तिवश धोक॥

ॐ ह्रीं अर्हं अशोकतरु-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।35।।

सिंहासन सोहे विमल, भानु उदय गिरि जान।
भविजन नित अर्चा करें, जिन बनने भगवान॥

ॐ ह्रीं अर्हं सिंहासन-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।36।।

तीन छत्र मानों कहें, त्रिभुवन के तुम नाथ।
नाथों के भी नाथ जिन, तव चरणों में माथ॥

ॐ ह्रीं अर्हं छत्रत्रय-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।37।।

सप्तभवों को भव्य जन, भामण्डल में देख।
मिथ्यात्रय को त्यागकर, पाते सम्यक् रेख॥

ॐ ह्रीं अर्हं भामण्डल-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।38।।

दिव्य ध्वनि सर्वांग से, ॐ कार मय होय।
चउ संध्या में नित खिरे, सर्व कर्ममल धोय॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यध्वनि-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।39।।

पुष्पवृष्टि सुर नित करें, कर निज निर्मल भाव।
भक्ति भेद अभेद है, शिव का एक उपाव॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुरपुष्पवृष्टि-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।40।।

यक्ष राज नित ढोरते, चौंसठ चँवर पुनीत।
जो भविजन भक्ति करे, मिले आप सा मीत॥

ॐ ह्रीं अर्हं चतु:षष्टी-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।41।।

धर्म सभा में देवगण, करें दुंदुभि नाद।
दूर क्षेत्र के भव्य सुन, करें जिनेश्वर याद॥

ॐ ह्रीं अर्हं दुन्दुभि:-नाद-सत्प्रातिहार्यमंडित-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।42।।

अनंत चतुष्टय

तर्ज-अनादि काल से.....

कर्म मोहनी पूर्ण नाश कर, सुख अनंत निज में पाया।
ऐसा अनुपम सुख पाने को, मेरा मन भी ललचाया॥
घाति कर्म नाशकर प्रभु तो, हुए केवली जिन स्वामी।
श्री जिन गुण का सुमिरन करके, बनें आप पद अनुगामी॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतसुखगुणसंयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।43।।

ज्ञानावरणी कर्म नष्ट कर, तुमने पाया केवलज्ञान।
उसी ज्ञान को पाने हेतु, धरुँ चित्त में तेरा ध्यान॥
घाति कर्म नाशकर प्रभु तो, हुए केवली जिन स्वामी।
श्री जिन गुण का सुमिरन करके, बनें आप पद अनुगामी॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतज्ञानगुणसंयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।44।।

दर्शनावरणी की नव प्रकृति, नष्ट पूर्णत: कर डाली।
दर्शन नंत-सु पाया जिनने, दर्शन कर हम निधि पाली॥

घाति कर्म नाशकर प्रभु तो, हुए केवली जिन स्वामी।
श्री जिन गुण का सुमिरन करके, बनें आप पद अनुगामी॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतदर्शनगुणसंयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।45।।

आतम बल को जागृत करके, अंतराय विधि नाश किया।
निज की शक्ति नंत पाने मैं, तव चरणों में वास किया॥
घाति कर्म नाशकर प्रभु तो, हुए केवली जिन स्वामी।
श्री जिन गुण का सुमिरन करके, बनें आप पद अनुगामी॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतवीर्यगुणसंयुक्त-श्रीअर्हत्परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।46।।

पूर्णार्घ्य

घत्ता– दस जन्म के अतिशय, केवल अतिशय, सुरकृत अतिशय चित्त धरुँ।
वसु प्रातिहार्यमय, नंत चतुष्टय, प्रगटे चिन्मय मुक्ति वरुँ॥

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे मखमुखार्चित-षष्टमवलयोन्मुद्रितअरिहंत परमेष्ठिभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सप्तम वलय

सिद्ध परमेष्ठी के आठ मूलगुणों की अर्घावली

(छंद-त्रिभंगी)

जग जिसका दासा, मोह विनाशा, तत्त्व प्रकाशा अविकारी।
शुभ सम्यग्दर्शन, तेरा अर्चन, शिव श्री परसन सुखकारी॥
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने॥

ॐ ह्रीं सम्यक्त्वगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

कर्मन की प्रकृति, महाविकृति, आत्म संस्कृति गुण चाहूँ।
आवरण ज्ञान को, भव विधान को, नाश मान को बुध पाऊँ॥
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने॥
ॐ ह्रीं अनंतज्ञानगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

दर्शन आवरणी, भव दुख करणी, नश जिन तरणी मैं पाऊँ।
अरु सर्वदर्शी बन, ध्या आतम धन, भव कानन ना भरमाऊँ॥
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने॥
ॐ ह्रीं अनंतदर्शनगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

विघ्न प्रचारक, भव दुख कारक, शिव सुख हारक कर्म महा।
अंतराय विनाशे, शक्ति प्रकाशे, आतम वासे सिद्ध अहा॥
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने॥
ॐ ह्रीं अनंतबलगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

विधि कर्म वेदनी, नित असेवनी, तज कुटेवनी शिव बाधक।
तुम नष्ट किया जिन, ध्यान रात दिन, अव्याबाध तिन आराधक॥
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने॥
ॐ ह्रीं अव्याबाधगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

यह तन का बंधन, देता क्रंदन, आयु निबंधन दु:खकारी।
विधि आयु नष्ट कर, अवगाहन वर, मुक्ति इष्ट वर हितकारी॥
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने॥
ॐ ह्रीं अवगाहनत्वगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

आतम प्रदेश वसि, नाम कर्म नशि, योगत्रय कसि गुण पाया।
सूक्ष्मत्व निराला, दिव्य उजाला, गुणमणिमाला भवि गाया।।
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने।।

ॐ ह्रीं सूक्ष्मत्वगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

दुठ गोत्र कर्म तज, चेतन गुण भज, निज स्वभाव सज मुक्ति वरूँ।
लोकाग्र निवासी, बन निजवासी, अगुरु सुभासी शीश धरूँ।।
सिद्धों का वंदन, मेटे क्रंदन, भज शिव नंदन शिव पाने।
निज निधि प्रगटाकर, कर्म मिटाकर, आत्म दिवाकर विधि हाने।।

ॐ ह्रीं अगुरुलघुगुणयुक्त-श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

पूर्णार्घ्य

घत्ता- वसुगुणयुत जिनवर, मुक्तिवधूवर, तव चरणों में माथ धरुँ।
सिद्धालय वासी, आत्म निवासी, तव पद पाने पूज करुँ।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे मखमुख्यार्चित-सप्तमवलयोन्मुद्रित-सिद्ध परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टम वलय

आचार्य परमेष्ठी के 36 मूलगुणों की अर्घावली

तर्ज- पीछी रे पीछी.....

पंचाचार

अष्ट अंग धरि दोष पचीसों तिन को नित ही तजिये।
दर्शनाचार आचरें जे मुनि तिनको नित ही भजिये।।
पंचाचार धारते सूरि कर्म कालिमा धोते।
इस युग में तीर्थंकर वत् ही वे प्रामाणिक होते।।

ॐ ह्रीं दर्शनाचार-संयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

अष्टभेद त्रय दोष रहित सत् ज्ञान महासुखकारी।
भक्ति व्रत तप संयम हेतु यही प्रबल हितकारी।।
पंचाचार धारते सूरि कर्म कालिमा धोते।
इस युग में तीर्थंकर वत् ही वे प्रामाणिक होते।।

ॐ ह्रीं ज्ञानाचार-संयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

अतिक्रम व्यतिक्रम अतिचार औ अनाचार से हीना।
तेरह विध चारित्र बिना वे व्यर्थ मानते जीना।।
पंचाचार धारते सूरि कर्म कालिमा धोते।
इस युग में तीर्थंकर वत् ही वे प्रामाणिक होते।।

ॐ ह्रीं चारित्राचार-संयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

द्वादश विधि तप को जो धारें, कर निरोध इच्छा का।
तप साधन में बने सहायक, करें त्याग भिक्षा का।।
पंचाचार धारते सूरि कर्म कालिमा धोते।
इस युग में तीर्थंकर वत् ही वे प्रामाणिक होते।।

ॐ ह्रीं तपाचार-संयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

निज शक्ति को नहीं छिपाते, तप व्रत संयम पालें।
निज पर के कल्याण हेतु वे, मोक्ष मार्ग अपना लें।।
पंचाचार धारते सूरि कर्म कालिमा धोते।
इस युग में तीर्थंकर वत् ही वे प्रामाणिक होते।।

ॐ ह्रीं वीर्याचार-संयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

दस धर्म

तर्ज- हे गुरुवर धन्य....

उत्तम क्षमा धरो तुम चेतन, भव-भव में सुखदायी है।
क्षमा धारी सूरी मुनिवर की, महिमा सुरनर गायी है।।

उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमापरमधर्मधारकाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

उत्तम मार्दव मान नाशकर, विनय भाव प्रकटाता है,
धारण करते सूरी इसको, अतः मोक्ष मिल पाता है।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।
ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्म-धुरन्धराचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

मायाचारी जग की जननी, सूरीवर तज देते हैं,
उत्तम आर्जव धर्म पालकर, चेतन की सुध लेते हैं।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी है।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी है।।
ॐ ह्रीं उत्तमार्जवधर्मपरिपुष्टाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

लोभ पाप का बाप बखाना, शौच लोभ परिहारी है।
उत्तम शौच धर्म इस जग में, आतम को सुखकारी है।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।
ॐ ह्रीं उत्तमशौचधर्मधारकाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

सत्य धर्म तो तीन लोक में, सब धर्मों का प्राण कहा,
सूरिवर धारें हैं इसको, पाते हैं फिर मोक्ष महा।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।
ॐ ह्रीं उत्तमसत्यधर्मप्रतिष्ठिताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

पंच अक्ष मन को बस करना, इंद्रिय संयम कहलाता।
प्राणी मात्र की रक्षा करना, प्राणी संयम सुखदाता।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।

ॐ ह्रीं उत्तमद्विविध-संयमपात्राचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

द्वादश विध तप की शुभ वह्नि, कर्मेंधन दहकाती है।
द्वादश तप की निधि सूरी को, निश्चित नित्य लुभाती है।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।

ॐ ह्रीं उत्तमतपोऽतिशयधर्म-संयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

परवस्तु का त्याग करें वे, हर विभाव के त्यागी हैं।
आतम में रुचि रखें निरंतर, शुद्धातम अनुरागी हैं।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।

ॐ ह्रीं उत्तम त्यागधर्मप्रवीणाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

किंचित् भी परद्रव्य न मेरे, भाव अकिंचन चित धारें।
कर्म शत्रु का करें पराभव, गुण निधि से नित श्रृंगारें।।
उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।

ॐ ह्रीं उत्तमाकिञ्चनधर्मसंयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

पर द्रव्यों का मोह त्यागकर, ब्रह्म लीन तुम नित रहते।
मुक्तिरमा को वरने हेतु, सकल परिषह तुम सहते।।

उत्तम क्षमा आदि दस वृष तो, जीवमात्र हितकारी हैं।
श्रमण धर्म शाश्वत ये जग में, सूरि मूलगुण धारी हैं।।

ॐ ह्रीं उत्तमब्रह्मचर्यधर्म-महानुभाव-महनीयाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

बारह तप

(छंद-अडिल्ल)

अनशन तप धारें नित मुनिवर, तप करके बनते जो जिनवर।
तप है निश्चित कर्म विदारक, प्राणी मात्र को नित सुखकारक।।

ॐ ह्रीं अनशनतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

ऊन उदर आहार करें नित, रखें शुद्ध निर्मल निज का चित।
ऊनोदर तप मानो पावक, सूरीगण जिसके आराधक।।

ॐ ह्रीं अवमौदर्यतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

गुड़ घृत तेल दूध दधि तजकर, लवण त्याग करके वृष भजकर।
रस परित्याग स्वात्म रस पाकर, इंद्रिय बनती है फिर चाकर।।

ॐ ह्रीं रसपरित्यागतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

द्रव्य क्षेत्र की सीमा लेकर, वृत्ति परिसंख्या तप धरकर।
अक्ष निरोध करें वे निशदिन, कर्म घातकर बनते हैं जिन।।

ॐ ह्रीं वृत्तिपरिसंख्यानतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

वंदन समता स्वाध्याय नित, ध्यान करें मुनि एकाग्री चित।
विविक्त शय्यासन विधि नाशक, सूरीवर हैं आत्म उपासक।।

ॐ ह्रीं विविक्तशय्यासनतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

काय क्लेश तप कर्म विशोधक, शीत ऊष्ण में समता बोधक।
देह कष्ट से रहें विरत नित, भावी सिद्ध बनें वे विधि जित।।
ॐ ह्रीं कायक्लेशतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

व्रत में दोष लगे प्रमादवश, शुद्धि करन को प्रायश्चित तप।
मन की निर्मलता का द्योतक, चित्त गुणों का नित उद्योतक।।
ॐ ह्रीं प्रायश्चित्ततपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

विनय अस्त्र सब कर्म विजितकर, बन जाते हैं सद्गुण आकर।
द्वार मोक्ष का विनय सुपावन, सूरीवर को नित मन भावन।।
ॐ ह्रीं विनयतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

वैय्यावृत्ति स्वर्ग सुख कारण, निश्चित करता कर्म निवारण।
इस तप से बनते तीर्थंकर, प्राणी मात्र को नित्य हितंकर।।
ॐ ह्रीं वैय्यावृत्तितपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

स्वाध्याय नित ज्ञान गुणाकर, भवाताप का सदा सुधाकर।
तप करता है निज पर का हित, धर्म ध्यान है इसके आश्रित।।
ॐ ह्रीं स्वाध्यायतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

नित्य ममत्व भाव को तजकर, आत्मगुणों में नित्य रागकर।
तप व्युत्सर्ग कर्म प्रक्षालक, सूरीगण हैं इसके पालक।।
ॐ ह्रीं व्युत्सर्गतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

ध्यान लगाते मन को वशकर, तप को तपते इंद्रिय कसकर।
आतम हित का है सम्यक् पथ, मुक्तिरमा तक जाने का रथ।।
ॐ ह्रीं ध्यानावलम्बनतपोऽभियुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

तीन गुप्ति

चाल- हे गुरुवर धन्य.....

शुभ वा चिंतन अशुभ मिटाकर, मनोगुप्ति सूरी पालें।
पूरब संचित तथा अनागत, कर्म साधना से टालें।।
तीन गुप्ति धारक सूरीवर, जगत्पूज्य नित कहलाते।
इसीलिये तो भविजन तुमरी, श्रद्धायुत पूजा गाते।।
ॐ ह्रीं मनोगुप्तिसम्पन्नाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।
मिष्ट इष्ट प्रिय मधुर वचन भी, सूरीवर ना उच्चारें।
वचन गुप्ति का पालन करके, कर्म शत्रु को संहारें।।
तीन गुप्ति धारक सूरीवर, जगत्पूज्य नित कहलाते।
इसीलिये तो भविजन तुमरी, श्रद्धायुत पूजा गाते।।
ॐ ह्रीं वचनगुप्तिधारकाचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।
नश्वर तन की चेष्टाएँ सब, सुखदमयी या अशुभमयी।
तजते हैं जो सूरि मुनि वह, काय गुप्ति है त्यागमयी।।
तीन गुप्ति धारक सूरीवर, जगत्पूज्य नित कहलाते।
इसीलिये तो भविजन तुमरी, श्रद्धायुत पूजा गाते।।
ॐ ह्रीं कायगुप्तिसंयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

षट् आवश्यक

छंद-चउबोला

इष्टानिष्ट पदारथ जग के, साम्य भाव तिन में धारें।
सूरी की समता को लखकर, कर्म शत्रु भी नित हारें।।

षट् आवश्यक धारी भगवन्, कर्मों का संहार करें।
शीघ्र भवोदधि तरकर के वे, मुक्तिरमा का वरण करें॥
ॐ ह्रीं सामायिकावश्यककर्मधारि-आचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

एक-एक तीर्थंकर की शुभ, भक्ति वंदना कहलाती।
पूर्वबद्ध कर्मों की लड़ियाँ, निमिष मात्र में खुल जाती॥
षट् आवश्यक धारी भगवन्, कर्मों का संहार करें।
शीघ्र भवोदधि तरकर के वे, मुक्तिरमा का वरण करें॥
ॐ ह्रीं वन्दनावश्यकनिरताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

चतुर्विंशति तीर्थंकर का स्तव, पाप पंक प्रक्षाल करे।
शिव कारक वसु विधि संहारक, तीर्थंकर थुति सूरि करे॥
षट् आवश्यक धारी भगवन्, कर्मों का संहार करें।
शीघ्र भवोदधि तरकर के वे, मुक्तिरमा का वरण करें॥
ॐ ह्रीं स्तवनावश्यकसंयुक्ताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

व्रत के दोषों को हरने में, प्रतिक्रमण इक साधन है।
मोक्ष महल में ले जाने का, ये शुभ सम्यक् वाहन है॥
षट् आवश्यक धारी भगवन्, कर्मों का संहार करें।
शीघ्र भवोदधि तरकर के वे, मुक्तिरमा का वरण करें॥
ॐ ह्रीं प्रतिक्रमणावश्यकनिरताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

दोष अनागत में ना होवे, अतः वद्य का त्याग करें।
प्रत्याख्यान हृदय में धरकर, शुद्धातम से राग करें॥
षट् आवश्यक धारी भगवन्, कर्मों का संहार करें।
शीघ्र भवोदधि तरकर के वे, मुक्तिरमा का वरण करें॥
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावश्यककर्मनिरताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।35।।

देहादिक सब परद्रव्यों से, ममता के वे त्यागी है।
कायोत्सर्ग करें सूरी वर, भव तन भोग विरागी है॥

षट् आवश्यक धारी भगवन्, कर्मों का संहार करें।
शीघ्र भवोदधि तरकर के वे, मुक्तिरमा का वरण करें।।
ॐ ह्रीं व्युत्सर्गावश्यकनिरताचार्य-परमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।36।।

घत्ता- हे सूरी साधक, निज आराधक, तव गुण मैं भी चित्त गहुँ।
तव गुण छत्तीसा, नावें शीशा, पूजा कर शिव पंथ लहुँ।।
ॐ ह्रीं अस्मिन् प्रतिष्ठोत्सवे मखमुखार्चितअष्टमवलयोन्मुद्रिताचार्य-परमेष्ठिभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

नवम वलय
उपाध्याय परमेष्ठी के 25 मूलगुणों की अर्घावली

तर्ज- हिन्दी भक्तामर भक्त अमर नत.....

11 अंग

आचारंग आचरण कहता, जो शिव सुख का कारण है।
सहस अठारह पद गर्भित हैं, करता कर्म निवारण है।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं अष्टादशसहस्रपदाचारांगज्ञाता-उपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

सूत्र कृतांग दूसरा जानो, निज पर धर्म सिखाता है।
पद छत्तीस सहस है जिसमें, जो मम चित्त लुभाता है।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं षटत्रिंशत्सहस्रपदसंयुक्त-सूत्रकृतांगज्ञाता-उपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

तृतीय अंग में द्रव्य भेद का, पूर्ण ज्ञान जिन सिखलाया।
सहस बयालिस पद का धारक, ठाण अंग जो कहलाया।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं द्विचत्वारिंशत्पदसंयुक्त-स्थानांगज्ञाता-उपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

द्रव्य क्षेत्र अरु काल भाव से, गुण समत्व जिसमें देखे,
एक लाख चौंसठ हजार शुभ, पद समवाय अंग लेखे।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं एकलक्षषष्टिपदन्याससहस्रसमवायांगज्ञाता-उपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

जीवों के हैं भेद अनेकों, षष्टि सहसा प्रश्नोत्तर।
द्वि लक्षा अरु सहस अठाईस, व्याख्या प्रज्ञप्ति उत्तर।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रींद्विलक्ष-अष्टविंशतिसहस्रपदर्रजित-व्याख्याप्रज्ञप्त्यांगउपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

धर्म कथाओं से जो गर्भित, ज्ञातृ कथांग कहाता है।
पाँच लाख छप्पन हजार पद, धर्म स्वरूप दिखाता है।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं पंचलक्षषट्पंचाशत्सहस्रपदसंगत-ज्ञातृधर्मकथांगधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

श्रावक वृष का वर्णन जिसमें, है उपासकाध्यनन महा।
लक्षैकादश सहस रु सत्तर, पद का धारक अंग कहा।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं एकादशलक्षसप्ततिसहस्रपद-शोभितोपासकाध्ययनांग-धारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

अन्तःकृत केवलि दश जो हर, तीर्थकाल में होते हैं।
सहस तेइस सौ अठवीसा पद, अंतर का मल धोते हैं।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं त्रिविंशतिलक्ष-अष्टविंशतिसहस्रपद-शोभितांतःकृतदशांग धारकोपाध्याय परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

पंचानुत्तर में जन्मे जो, सह उपसर्ग मुनि ज्ञानी।
लाख बानवे सहस चवालिस, पद कहते केवलज्ञानी।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं द्विनवतिलक्षचतुर्चत्वारिंशत्पद-शोभितानुत्तरोपपादिककांग-धारकोपाध्याय परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

न्याय युक्त सब उत्तर देवा, अंग प्रश्न व्याकरण कहा।
सोलह सहस रु लक्ष तिरानव, ज्ञानामृत से भरा महा।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।
ॐ ह्रीं त्रिनवतिलक्षषोडशसहस्रपद-शोभितप्रश्नव्याकरणांग-धारकोपाध्याय परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

चेतन के सब भाव कर्म की, दशा सभी दर्शाता है।
चतु अशीति लख कोटि इक पद, सूत्र विपांग कहाता है।।
परम पूज्य पाठक मुनिवर जी, अंग एकादश ज्ञाता हैं।
श्रावक मुनि के वृष उपदेशक, अक्षय शांति प्रदाता हैं।।

ॐ ह्रीं एककोटि-चतुरशीति-सहस्रपद-शोभितविपाकसूत्रांग-धारकोपाध्याय-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

14 पूर्व

छंद-गीतिका

दृष्टिवाद सुभेद पन है, पूर्वगत जिसमें सुभग।
एक कोटि पद युता, उत्पाद दर्शाता सुमग।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं उत्पादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

पूर्व अग्रायणी दूजा, द्रव्य नय दुर्नय कहे।
अस्तिकाय रु तत्त्व आदिक, छ्यानवे लख पद गहे।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं अग्रायणीयपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

पूर्व शुभ वीर्यानुवादा शक्ति तन चेतन कहे।
लाख सत्तर पद सुभग ये, मोक्ष के प्रेरक रहें।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं वीर्यानुप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

अस्ति नास्ति प्रवाद पूरब, सप्त भंग विवेचना।
साठ लख पद से सुशोभित, नित्य करते अर्चना।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं अस्तिनास्तिप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

पूर्व ज्ञान प्रवाद पंचम, ज्ञान का वर्णन करे।
इक ऊन कोटि एक पद सु, चित्त को निर्मल करे।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं ज्ञानप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

पूर्व सत्य प्रवाद षष्टम, वचन सब उल्लेखता।
कोटि षट पद उर धरे जो, मोक्ष पद को लेखता।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं सत्यप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

पूर्व आत्म प्रवाद सप्तम, आत्म द्रव्य को कहे।
छब्बीस कोटी पदयुता जो, निज हृदय पाठक गहें।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं आत्मप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

पूर्व कर्म प्रवाद अष्टम, कर्म का पूरण कथन।
कोटि अस्सी लाख पद में, लिखित सब श्रुत को नमन।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं कर्मप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

पूर्व प्रत्याख्यान नौवाँ, त्याग का वर्णन करे।
लाख चौरासी पदों में, श्रुत सदा अर्चन करें।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

पूर्व शुभ विद्यानुवादं , नेक विद्या का धनी।
एक कोटि लक्ष दस पद, धारते ऋषिगण मुनी।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं कल्याणवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

पूर्व शुभ कल्याणवादं, ग्रह गमन वह भाषता।
पद सुशोभित कोटि छब्बिस, जैन आगम शासता।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं विद्यानुवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

पूर्व यह प्राणानुवादं, शल्य औषधि विधि कहे।
कोटि तेरह पद विभूषित, पूज्य गुण पाठक लहे।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं प्राणप्रवादपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

पूर्व शुभ किरिया विशालं, शुभ कला विस्तार है।
कोटि नव पद से सुशोभित, देत शिव का द्वार है।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं क्रियाविशालपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

लोक बिंदु सार पूरब, गणित अरु शिवमग कहे।
कोटि द्वादश अर्द्ध शत लख, साधु जिनमें नित रहे।।
पूर्व उत्पादादि चौदह, ज्ञान के भंडार हैं,
गुण सदा पाठक सुधी के, पूजते सुखसार हैं।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यबिन्दुपूर्वधारकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

पूर्णार्घ्य- (घत्ता)

शुभ गुण पच्चीसा, पूज्य मनीषा, हे पाठकगण नमन करुँ।
निर्मल मति पाऊँ, शीश नवाऊँ, ध्यान तिहारा चित्त धरुँ।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठामहोत्सवविधाने मुख्यपूजार्हनवम-वलयोन्मुद्रित-द्वादशांग-श्रुतदेवताभ्यस्तदाराधकोपाध्यायपरमेष्ठिभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दशम वलय

साधु परमेष्ठी के 28 मूलगुणों की अर्घावली

पंचमहाव्रत

छंद-गीतिका

मुनिराज हिंसा पाप को, योगत्रय से त्यागते।
चेतना की निधि निरखने, अहर्निश जो जागते।।

निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं अहिंसामहाव्रतधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

सत्यव्रत शाश्वत धरम, अघ पंक को शुचि नीर है।
धारण करें नित वीर जो, नाशते जग पीर है।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं सत्यमहाव्रतधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

परकीय वस्तु को कभी, निर्ग्रंथ मुनि गहते नहीं।
गृहस्वामी की अनुमति बिना, वे भवन में रहते नहीं।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं अचौर्यमहाव्रतधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

भेद अठदश सहस व्रत के, जो जिनागम में कहे।
शीलव्रत में लीन मुनिवर, ब्रह्म में ही नित रहे।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं ब्रह्मचर्यमहाव्रतधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

चेतन अचेतन भेद दो, संग के जिन ने कहे।
ग्रंथ अंतर बाह्य तजकर, पूर्ण निर्ग्रन्था भए।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं अपरिग्रहमहाव्रतधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

पंच समिति

दिवस के परकाश में, चउकर मही लखकर चलें।
धारते ईर्या समिति मुनि, कर्म पर्वत को दलें।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं ईर्यासमितिधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

इष्ट मिष्ट सुशिष्ट भाषा, बोलते ज्ञानी मुनी।
आसन्न भवि को भासती, मानो प्रभुवर की ध्वनि।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं भाषासमितिधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

बत्तीस अंतर विघ्न तज, दोष वे छ्यालिस तजें।
भक्ति नवधा युक्त मुनि, आहार तप हेतू गहें।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं एषणासमितिधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सब वस्तुओं को शोधकर, नित्य परिमार्जन करें।
आदान निक्षेपण समिति, पालकर करुणा धरें।।
निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं आदाननिक्षेपणसमितिधारकसाधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

निर्जन्तु ठान विलोक मुनि, बाह्य मल को त्यागते।
उत्सर्ग समिति पाल साधु, आत्म सुध में लागते।।

निर्ग्रन्थ साधु मुनि जग के, मूलगुण पालन करें।
भक्तजन तव अर्चना कर, शीघ्र भव सागर तिरें।।

ॐ ह्रीं व्युत्सर्ग समितिधारकसाधुपरमेष्ठिभ्योअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

पंच इन्द्रिय रोध

तर्ज- जगत में जिसका.....

स्पर्शन के विषै आठ हैं, मुनिजन इंद्रिय जीते।
कर निरोध पंचाक्षी का वे, बन गए नित्य अजीते।।
जगत में साधु निर्मोही बन जीते।।

ॐ ह्रीं स्पर्शनेन्द्रिय-विकार-विरत-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

रसना इंद्रिय से रस पीकर, प्राणी रहते रीते।
इसीलिये मुनि आतम का रस, अंतराय बिन पीते।।
जगत में साधु निर्मोही बन जीते।।

ॐ ह्रीं रसनेन्द्रिय-विकार-विरत-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

गंध सुगंधित या दुर्गन्धित, सभी द्रव्य जगती के।
आतम की जो गंध निरंतर, ग्रहण करें मुनि नीके।।
जगत में साधु निर्मोही बन जीते।।

ॐ ह्रीं घ्राणेन्द्रिय-विकार-विरत-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

पंच वर्ण है विषय नयन के, बचकर मुनिवर जीते।
शुद्धातम का रूप निरखते, सब ही लागे फीके।।
जगत में साधु निर्मोही बन जीते।।

ॐ ह्रीं चक्षुरिन्द्रिय-विकार-विरत-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।14।।

कणेन्द्रिय के विषय सात हैं, मनरंजन जग जी के।
आतम की ध्वनि जो सुन लेवें, उनको लागे फीके॥
जगत में साधु निर्मोही बन जीते॥

ॐ ह्रीं श्रोतेन्द्रिय-विकार-विरत-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥15॥

षट् आवश्यक

छंद-लक्ष्मीधर

जन्म हो मृत्यु वा लाभ हानि तथा,
सुक्ख वा दुक्ख में एक होते सदा।
मित्र हो शत्रु या स्वर्ग पाताल हो,
साम्य सद्भाव का चित्त में वास हो॥

ॐ ह्रीं सामायिकावश्यक-गुणधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥16॥

एक तीर्थेश भक्ति कही वंदना,
शुद्ध हो भावना पाप का बंध ना।
क्रंदना नाश वो नित्य प्राणी करे,
पूज्यता पाय के मुक्ति वामा वरे॥

ॐ ह्रीं वन्दनावश्यक-गुणधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥17॥

पूज्य तीर्थंकरा नाथ चौबीस हैं,
नित्य आराध्य वे तीन लोकेश हैं।
भक्ति नीरं शुभं पाप प्रक्षालता,
साधु पूजें सदा कर्म को टालता॥

ॐ ह्रीं स्तवनावश्यक-गुणधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥18॥

भूल अज्ञान से दोष जो हो लगा,
द्रव्य वा भाव से हो व्रतों में दिखा।
मेटने दोष को मैं प्रतिक्रम करूँ,
चित्त शुद्धी करूँ, दोष सारे हरुँ।।

ॐ ह्रीं प्रतिक्रमणावश्यक-गुणधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

टालने दोष भावी सदा शक्तितः।
पालते साधुजन प्रत्याख्यानं अतः।।
भक्ति श्रद्धा युतं जो इसे धारता।
धर्म ये नित्य ही जीव उद्धारता।।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावश्यक-गुणधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

नेह को देह से त्याग मंत्रं जपें,
बाह्य अभ्यंतरं नित्य वे भी तपें।
काय उत्सर्ग ये मोक्ष का मूल है,
साधु वे पाय संसार का कूल है।।

ॐ ह्रीं कायोत्सर्गावश्यक-गुणधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

सात विशेष गुण

तर्ज- सोलह कारण भाय.....

चार तीन दो मास अनंतर लोंच करें,
जीव दया पालन हेतु व्रत आचरें।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते,
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं कृतकेशलोचन-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

यथाजात निर्ग्रंथ मुनि सुर पूजित हैं।
गुण आचेलक से गुरु आप विभूषित हैं।।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते,
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं सर्वथावस्त्रत्याग-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

आप स्वभाविक निर्मल चित शोधन करें।
न्हवन त्याग पावन तप का पालन करें।।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते।
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं अस्नान-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

भूमि शयन करें वे तन सुख त्यागते।
आत्म ध्यान में रहे निरंतर जागते।।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते,
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं भूशयन-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

राग द्वेष तजने को दंत न धोवते।
सहें परिषह विषम स्वात्म गुण पोषते।।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते,
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं दन्तधोवनवर्जन-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।

एक बार आहार लेय तप वृद्धि को।
करपात्री मुनि लहें स्वात्म समृद्धि को।।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते,
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं एकभुक्त-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

ठाड़े लेय अहार ध्यान की सिद्धि को।
वांछा रहित मति लहते सब रिद्धि को।।
सप्त विशेष गुणों को यतिवर धारते,
रत्नत्रय को धारें स्वात्म सम्हारते।।

ॐ ह्रीं अस्थितभोजन-नियमधारक-साधुपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

पूर्णार्घ्य (घत्ता छंद)

साधु मुनि ध्यानी, यतिवर ज्ञानी, निर्मोही तव ध्यान करुँ।
निर्ग्रंथ दिगम्बर, शीश चरण धर, पूजन से सब क्लेश हरुँ।।

ॐ ह्रीं अस्मिन् बिम्बप्रतिष्ठोत्सवे मुख्यपूजार्ह-दशम वलयोन्मुद्रित-साधुपरमेष्ठिभ्यो-सतन्मूलगुणग्रामेभ्यश्च पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

एकादश वलय

64 ऋद्धिधारी मुनीश्वरों की अर्घावली

छंद-चौपाई

गुण सुद्रव्य पर्याय अनंता, युगपत जाने श्री भगवंता।
शुभ केवलि ऋद्धिधर मुनिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।

ॐ ह्रीं सकललोकालोकप्रकाशक-केवलज्ञानऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

अन्य चित्त का चिंतन जाने, ऋजु औ विपुलमति पहचाने।
मनःपर्यय ऋद्धिधर मुनिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं अर्हं मनःपर्ययबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

द्रव्य आदि की ले मर्यादा, जाने वे प्रत्यक्ष अबाधा।
अवधिज्ञान ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं अर्हं अवधिबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

भरे कोष्ठ में धान हैं माने, इक पद से जिन आगम जानें।
कोष्ठ ऋद्धि के धारी ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं कोष्ठबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

बीज समा बहु अर्थ प्रदायक, बीज बुद्धि ऋद्धि सुख दायक।
बीज बुद्धि ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं बीजबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

विविध शब्द नर विविध जो कीना, युगपत् पृथक-पृथक मुनि चीन्हा।
अवधिज्ञान ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं संभिन्नश्रोतृऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

इक पद जान भाव सब जाने, ग्रंथ सार मुनिवर पहचाने।
शुभ पादानुसारि ऋद्धीश्वर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं पादानुसारिबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

वस्तु दूरगम्य जो होती, मुनि के स्पर्श गम्य वे होतीं।
दूर स्पर्श ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं दूरस्पर्शबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

हों पदार्थ दूर स्थित जग के, स्वाद गम्य हों वे मुनिवर के।
दूर स्वाद ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर।।
ॐ ह्रीं दूरास्वादनबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

बहुत सुदूर क्षेत्र जो अर्था, गंध ज्ञान में मुनि समर्था।
दूर गंध ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं दूरगंधबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥10॥

चक्षु क्षयोपशम मुनि का भारी, देखें दूर वस्तु जग सारी।
जय दूर अवलोकन ऋषिधर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं दूरावलोकनबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥11॥

दूरवर्ती शब्दों की ध्वनि को, सुन सकते साधक मुनिवर वो।
दूरश्रवण ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं दूरश्रवणबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥12॥

दश पूर्वी विद्या के स्वामी, बिन अभ्यास अर्थ सब जानी।
दश पूरब ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं दशपूर्वबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥13॥

मुनिवर चौदह पूर्व सु ज्ञाता, पढ़ मुहूर्त में लहते साता।
चउदस पूर्व ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं चतुर्दशपूर्वबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥14॥

व्यंजन स्वर ले आदि निमित्ता, बतलाते सब देव पवित्रा।
अष्टांग निमित ऋद्धीश्वर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं अष्टांगनिमित्तबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥15॥

बिन अध्ययन मुनिवर अति ज्ञानी, भेद सभी समझाते ध्यानी।
प्रज्ञाश्रमण ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं प्रज्ञाश्रमणबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥16॥

बिन उपदेश आत्म विधि जानें, शाश्वत सिद्ध अभेद सु मानें।
जय प्रत्येक ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं प्रत्येकबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥17॥

न्याय आदि जानें शिव नेता, परवादी के आप विजेता।
जय वादित्व ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं वादित्वबुद्धिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥18॥
जल के ऊपर थलवत् चालें, जीवों के प्रति करुणा पालें।
जलचारण ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं जलचारणऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥19॥
बिन वक्री घुटने भू से जो, चउ अंगुल ऊपर चाले वो।
जय जंघा चारण ऋद्धीश्वर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं जंघाचारणऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥20॥
गमन करें तंतु पर स्वामी, किंचित् कष्ट न पावे प्राणी।
जय तंतुचारण ऋद्धीश्वर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं तंतुचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥21॥
पुष्प गमन करि बिना विराधन, भवि करते तेरा आराधन।
चारण पुष्प ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं पुष्पचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥22॥
पत्रों पर यदि निज पग धरते, जीव मरें ना करुणा करते।
चारण पत्र ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं पत्रचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥23॥
बीजों पर भी पग यदि धरते, महिमा जीव नहीं वे मरते।
चारण बीज ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं बीजचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥24॥
पीड़ा जीव तनिक नहिं पाते, श्रेणीवत ध्यानी मुनि जाते।
जय श्रेणी चारण ऋद्धीश्वर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं श्रेणीचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥25॥

यदि पावक पर कदम बढ़ाए, बाधा कोई जीव न पाए।
चारण अग्नि ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं अग्निचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।26।।
नहीं कष्ट जीवों को होवे, गगन गमन कर निज अघ धोवे।
नभ चारण ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं नभचारणक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।
ऋद्धि विक्रिया भेद सुपावन, मुनि अणु सम कर लेते निज तन।
जय अणिमा ऋद्धीधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं अणिमाविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।
ऋद्धि से उन्नत तन करते, भवि जीवों के अघ मल हरते।
जय महिमा ऋद्धीधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं महिमाविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।29।।
मुनि का दीर्घ शरीर विशाला, अर्कतूल सम लगता आला।
जय लघिमा ऋद्धीधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं लघिमाविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।
यदि तन मुनि अति सूक्ष्म दिखावे, इंद्रादिक से ना हिल पावे।
जय गरिमा ऋद्धीधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं गरिमाविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।
भू पर रह छू सकते वीरा, ग्रह नक्षत्र आदि वे धीरा।
जय श्री प्राप्ति ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं प्राप्तिविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।
भू पर जल सम ही लहराते, तन के नाना भेद बनाते।
जय प्राकाम्य ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं प्राकाम्यविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

साधक निर्मोही योगीश्वर, तीन लोक स्वामी परमेश्वर।
जय ईशत्व ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं ईशत्वविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥34॥
श्रद्धायुत जो भव्य निहारे, क्षणभर में वश होए तुम्हारे।
जय वशित्व ऋद्धीधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं वशित्वविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥35॥
पर्वत छिद्र रहित जो होवें, पार होए मुनि अघ मल धोवें।
अप्रतिघात ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं अप्रतिघातविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥36॥
धन्य धन्य मुनिवर तप धारी, दृष्टि अगोचर हों अविकारी।
अन्तर्धान ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं अन्तर्धानविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥37॥
इच्छित नाना रूप बनाते, तप वृद्धि कर कर्म खपाते।
कामरूपित्व ऋद्धिधर ऋषिवर, उभय सौख्य पाते पूजन कर॥
ॐ ह्रीं कामरूपित्वविक्रियाऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥38॥

दोहा

आजीवन बढ़ते रहें, मुनिवर के उपवास।
उग्र तपः ऋद्धीश को, पूज लहूँ निजवास॥
ॐ ह्रीं उग्रतपोतिशयऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥39॥
मासों के उपवास कर, तन द्युति रहे अपार।
दीप्त तपः ऋद्धीश को, पूज होऊँ भव पार॥
ॐ ह्रीं दीप्ततपोऽतिशयऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥40॥
नहिं निहार मुनिराज के, पर लेते आहार।
तप्ततपः ऋद्धीश को, प्रणमूँ बारम्बार॥
ॐ ह्रीं तप्ततपोऽतिशयऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥41॥

मास पक्ष उपवास महा, दीर्घ दीर्घ व्रत मान।
महातपः ऋद्धीश का, करूँ चित्त नित ध्यान॥

ॐ ह्रीं महातपोतिशयऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥42॥

घोर-घोर तप नित करें, संयम गिरि सम साध।
घोर तपः ऋद्धीश को, भवि निशदिन आराध॥

ॐ ह्रीं घोरतपोऽतिशयऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥43॥

घोर पराक्रम ऋद्धि कि, महिमा ऐसी जान।
इन युत ऋषि को कष्ट दे, पाता दुःख निधान॥

ॐ ह्रीं घोरपराक्रमऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥44॥

ब्रह्मलीन ऋषिवर रहें, दर्शन रोग नशाय।
घोर ब्रह्मचारी मुनी, पूजूँ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं अघोरब्रह्मचर्यतपोऽतिशयऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥45॥

द्वादशांग चिंतन करें, मुनि इक मुहुरत माँहि।
मन बल ऋद्धिधर नमूँ, मोक्ष निकेतन जाँहि॥

ॐ ह्रीं मनोबलऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥46॥

शुद्ध पाठ श्रुत का सकल, करते मुहुरत माँहि।
वच बल ऋद्धिधर नमूँ, मोक्ष निकेतन जाँहि॥

ॐ ह्रीं वचनबलऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥47॥

हिला सके तीनों भुवन, ऋद्धि महिमा गाए।
काय वीर्य ऋद्धीश को, पूज मोक्ष पद पाए॥

ॐ ह्रीं कायबलऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥48॥

नख केशादिक संस्पर्श, आधि व्याधि विनशाय।
आमर्षौषधि ऋद्धि धर, ऋषिवर के गुण गाए॥

ॐ ह्रीं आमर्षौषधिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥49॥

मुख से उपजे मैल जो, भवि का रोग नशाय।
खेल्लौषधि ऋषि ऋद्धि धर, भक्ति वश गुण गाए॥
ॐ ह्रीं खेल्लौषधिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।50।।
साधक मुनि का जल्ल भी, मेटे तन का रोग।
जल्लौषधि ऋद्धीश को, नमू तजूँ भव भोग॥
ॐ ह्रीं जल्लौषधिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।51।।
मुनिवर का मल सहज ही, करे औषधि काम।
मल्लौषधि ऋद्धीश को, पुनि-पुनि करहुँ प्रणाम॥
ॐ ह्रीं मल्लौषधिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।52।।
साधक का मलमूत्र भी, दिव्यौषधि बन जाय।
विडौषधी ऋद्धीश को, नमहूँ भक्ति जगाय॥
ॐ ह्रीं विडौषधिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।53।।
संस्पर्शित मुनि देह से, वायु रोग नशाय।
सर्वौषधि ऋद्धीश को, पूजूँ मन वच काय॥
ॐ ह्रीं सर्वौषधिऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।54।।
सुन मुनि के अमृत वचन, प्राणी निर्विष होए।
आस्याविष ऋद्धीश को, पूज पाप मल धोए॥
ॐ ह्रीं आस्याविषऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।55।।
दयामयी मुनि दृष्टि से, विष निर्विष हो जाए।
दृष्टि निर्विष ऋद्धीधर, ऋषिवर के गुण गाए॥
ॐ ह्रीं दृष्टिनिर्विषऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।56।।
निकले मुख से क्रोध वश, 'मर जाओ' मर जाए।
आशीर्विष रस ऋद्धिधर, नित मम चित्त लुभाए॥
ॐ ह्रीं आशीर्विषऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।57।।

क्रोधित मुनि दृष्टि पड़े, प्राणी मृत्यु पाए।
दृष्टिविष रस ऋद्धिधर, बसें हृदय में आए।।

ॐ ह्रीं दृष्टिविषऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।58।।

क्षीर रहित आहार भी, स्वाद क्षीर का देय।
क्षीरस्रावी रस ऋद्धिधर, नाम प्रतिक्षण लेय।।

ॐ ह्रीं क्षीरस्रावीरसऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।59।।

मिष्ट रहित आहार भी, मीठा स्वाद बनाय।
मधुस्रावी रस ऋद्धिधर, अर्चा को पद आय।।

ॐ ह्रीं मधुस्रावीऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।60।।

घृत विहीन आहार भी, घृत का स्वाद बनाय।
घृतस्रावी रस ऋद्धिधर, तव पूजन को आय।।

ॐ ह्रीं घृतस्रावीऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।61।।

विष भी मुनि कर पात्र में, शुभ अमृत बन जाय।
अमृतस्रावी ऋद्धिधर, की शुभ पूज रचाय।।

ॐ ह्रीं अमृतस्रावीऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।62।।

इस ऋद्धियुत जो मुनि, घर अहार ले आए।
चक्री सेना भी यदि, भोज करे कम नाए।।

ॐ ह्रीं अक्षीणमहानसऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।63।।

इस ऋद्धियुत जो मुनि, जिस स्थान ठहराये।
छोटा भी होवे यदि, चक्री कटक समाय।।

ॐ ह्रीं अक्षीणसंवासऋद्धिधारकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।64।।

पूर्णार्घ्य

घत्ता- हे ऋद्धीश्वर, महामुनीश्वर, तुम गुण पाकर स्वात्म भजुँ।
निर्मल जल सा मन, शुभ ऋद्धि धन, पाने को ऋषिराज जजूँ।।

ॐ ह्रीं सकलऋद्धिसम्पन्नसर्वमुनिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जिन चैत्यालय

हरिगीतिका छंद

कृत्रिम अकृत्रिम सब जिनालय, पंक अघ क्षालन करे।
सद्दृष्टि वा सद्ज्ञान चारित, के निमित कारण बने॥
अति भक्ति श्रद्धा से सहित, चैत्यालयों की वंदना।
पूजें भविक जिन नित्य प्रति जो, पाप का हो बंधना॥

ॐ ह्रीं सर्वकृत्रिमाकृत्रिमजिनालयेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जिन चैत्य

अति सौम्यता युत सुखद मनहर वीतरागी बिंब की।
सर्वज्ञ हितकर पाप नाशक, अर्चना जिन बिंब की॥
शुभ चैत्य वंदन पूज अर्चन, भव्य को सुख से भरें।
होवें मनोरथ पूर्ण सारे, मुक्ति वामा को वरें॥

ॐ ह्रीं सर्वकृत्रिमाकृत्रिमजिनबिम्बेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जिन आगम

सर्वज्ञ जिनवर आप्त वर्णित, गण अधिप संग्रह करें।
निर्ग्रंथ मुनिवर बद्धलिपि कर, भव्य का नित हित करें॥
शाश्वत जिनागम मोक्ष पथ के, मग प्रतीकात्मक रहें।
स्वाध्याय पन विधि से करें, ते भव्य भवकानन दहें॥

ॐ ह्रीं स्याद्वादमुद्रांकितपरम-जिनागमायऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जिनधर्म

जिन धर्म शाश्वत शीलमय है, वा चरितमय है कहा।
सम्यक्त्व आदिक तीन रूपा, व्रत अहिंसादिक अहा॥

उत्तम क्षमादि स्वरूप दस हैं, अरु दयादि विशेषता।
धारे श्रमण श्रावक धरम जो, आत्म वैभव देखता।।

ॐ ह्रीं दशलक्षणोत्तमादित्रिलक्षण-सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूप-तथामुनि गृहस्थाचार-भेदेन द्विविध-तथादयारूपत्वेनैकरूप-जिनधर्माय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जयमाला

दोहा- अरिहंतादि पंच गुरू, पूजूँ शक्ति प्रमाण।
भक्ति का फल मैं चहूँ निज वैभव निर्वाण।।

जय वीतराग सर्वज्ञ देव, शत इंद्र करें तव नित्य सेव।
परमात्म सकल हितकर जिनेश, तुम परम ज्योति जिनवर महेश।।
जय सकल कर्म से हीन आप, हे सिद्ध शुद्ध निश्चल अपाप।
तुम नित्य निरंजन कर्म हीन, निज आतम में रहते सुलीन।।
हो मुक्तिरमा के आप कंत, हे सिद्ध अकल निर्मल अनंत।
आचार्य मध्य दीपक महान, कलियुग के ये तीर्थेश जान।।
तुम पंचाचार धरें विशेष, पाते तव आश्रय भवि अशेष।
शिष्यानुग्रह में तुम प्रवीण, तव दर्श मात्र करि पाप क्षीण।।
पाठक मुनिवर हैं ज्ञान मूर्ति, सद्ज्ञान ज्योति की करे पूर्ति।
ये द्वादशांग पाठी महान, करते निशदिन सब कर्म हान।।
निर्ग्रंथ साधु हैं मोक्ष पंथ, भविजन बनते हैं मुक्ति कंत।
आरंभ-विषय अरु पाप हीन, मिथ्यात्व भाव कीने सुक्षीण।।
शुद्धात्म निधि नित लखे आप, नशते भव तन अरु मोह ताप।
हैं पंच गुरु परमेष्ठि देव, वृष नाव सदा भव सिंधु खेव।।
तुम शाश्वत जिन आनंद रूप, भवि पूज लहें आतम स्वरूप।
हम श्रद्धा भक्ति सहित आए, योगत्रय से गुण आप गाए।।

सब रोग शोक भय होय नष्ट, वृषभानु रूप हर तिमिर कष्ट।
वसुनंदी पूजकर इह विधान, भव सुख पा नंतर सिद्ध थान॥
दोहा- पंच गुरु की अर्चना, अघ भव पाँच नशाय।
पंचम गति अरु ज्ञान को, मंडल याग दिलाय॥

ॐ ह्रीं सर्वयागमण्डलदेवताभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

॥ इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपामि ॥

गर्भ कल्याणक-पूजन

तीर्थंकरों के गर्भ आदि, पंच कल्याणक कहे,
शुभ गर्भ है जिनमें प्रथम महिमा कहाँ लौ हम कहें।
स्वयमेव के कल्याण हेतु, चरण जिनवर के जजूँ,
मोह ममता द्वेष तजकर स्वात्म गुण मैं नित भजूँ॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-श्रीवृषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति-तीर्थंकर समूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-श्रीवृषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति-तीर्थंकर समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-श्रीवृषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति-तीर्थंकर समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्॥

शशि किरण सम नीर निर्मल, सिद्ध चरण चढ़ावता।
जरा मृत्यु जन्म नाशै, भावना ये भावता॥
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा॥

मलयागिरि का शुभ्र चंदन, देह का आतप हरे।
जिनदेव की अर्चा करें तो, शांति शाश्वत चित धरे॥

गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा॥

मोती समा तंदुल अखंडित, जिन चरण आगे धरूँ।
अक्षय निधि को प्राप्त करने, देव तव अर्चन करूँ॥
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा॥

सज्जनों के चित्त हारक, सुमन नित्य विधेय हैं।
जिनवर चरण में जो धरे, बनता वो अक्ष विजेय है।
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा॥

षटरसों से युक्त मनहर, मिष्ट व्यंजन नित भखे।
भक्ति वश जिन चरण चर्चूं, सौख्य आतम का चखे॥
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सुर वृक्ष ज्योतिरांग दीपक, बाह्य तिमिर विनाशते।
दीप से जिनराज पूजूँ, आत्म तत्त्व प्रकाशते॥
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा॥

मनहर सुगंधित धूप दशविध, अनल में खेकर जजूँ।
शुद्धात्मा से सर्व गुण को, सिद्ध बनने मैं भजूँ।।
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते।।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल से सुफल की कामना ले, षट्ऋतु के फल लिये।
किंतु जिन पूजा बिना ना, मोक्ष फल उनने दिये।।
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते।।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।

अष्ट कर्म निवारने को, अष्ट द्रव्य चढ़ावता।
अष्ट भू पर वास हो, वसुयाम ये ही चाहता।।
गर्भादि पाँचों शुभ कल्याणक, भव्य का हित साधते।
स्वात्म हित के हेतु हम यहाँ नित्य जिन आराधते।।

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

गर्भ कल्याणक के अर्घ

(दोहा)

कृष्ण दोज आषाढ़ को, गर्भ माँहि जिनराज।
ऋषभदेव तीर्थेश पद, सफल होंय सब काज।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं आषाढ़कृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

तिथि है मावस जेठ की, अजितनाथ तीर्थेश।
विजया माँ के गर्भ में, आये पुण्य जिनेश।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठकृष्णामावस्यांगर्भमंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

मात सुषैणा जगत में, पूज्य नृपति दृढ़राज।
फागुन श्वेता अष्टमी, गर्भे संभव राज।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनशुक्ल-अष्टम्यांगर्भमंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जननी सिद्धार्था सुधी, गर्भ आए तीर्थेश।
सित वैसाखी षष्टमी, नंदन पूजि विशेष।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं वैशाखशुक्लषष्टम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सुमति नाथ जिनदेव जी, जगत पूज्य तीर्थेश।
श्रावण शुक्ल दोज को, पूजूँ गर्भ विशेष।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रावणशुक्लद्वितीयायांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

मात सुसीमा पद्म की, पूज्यनीय कहलाय।
श्यामल षष्टी माघ की, नाथ गर्भ में आए।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं माघकृष्णाषष्टम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीपद्मप्रभजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सुपार्श्व प्रभु की गर्भ तिथि, षष्ठी भादों श्वेत।
देव करें तव वंदना, स्वयं मुक्ति फल हेत।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं भाद्रपदशुक्लषष्टम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

चैत कृष्ण की पंचमी, वरषे रतन अपार।
लक्ष्मणा माँ के गर्भ में, तिष्ठे चन्द्र कुमार।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णपंचम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

फाल्गुन वदी नवमी तिथि, गर्भ मांहि जिननाथ।
जयरामा युत अवनि को, तुमने किया सनाथ।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णनवम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

चैत कृष्ण की अष्टमी, शीतल गर्भ मँझार।
नंदा अति नंदित हुई, देव करें जयकार।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णाअष्टम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ज्येष्ठ वदी षष्ठी दिना, श्रेयांस प्रभु भगवान।
वेणु श्री के गर्भ का, देव करें गुणगान।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठकृष्णषष्टम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

षष्ठी असित अषाढ़ की, जयावती गुणवान।
इंद्र गर्भ पूजा करें, वासुपूज्य भगवान।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं आषाढ़कृष्णषष्टम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ज्येष्ठ वदी दशमी सुभग, माँ कुक्षि जिन आए।
सुरपति उत्सव अति किया, विमलनाथ जगराय।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठकृष्णदशम्यांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

कार्तिक तिथि एकम वदी, देव किया गुणगान।
जय श्यामा के गर्भ में, अनंतनाथ भगवान।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं कार्तिककृष्णप्रतिपदायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीअनंतनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

तेरस सुदी वैशाख नु, माँ सुप्रभा अमलान।
धर्मनाथ भगवान का, इन्द्र करें गुणगान॥15॥

ॐ ह्रीं अर्हं वैशाखशुक्लत्रयोदशम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

भादों वदी शुभ सप्तमी, पुण्य हुआ विस्तार।
माँ ऐरा के गर्भ में, विश्व शांति आधार॥16॥

ॐ ह्रीं अर्हं भाद्रपद कृष्णसप्तम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्रावण वदि दशमी दिना, धन्य श्रीमती मात।
श्री जी आये गर्भ में, हुआ ज्ञान परभात॥17॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रावणकृष्णदशम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

फागुन सुत तृतीय दिवस, गर्भ आए अरनाथ।
धन्य प्रभु अब पायेंगे, मुक्ति वधू का साथ॥18॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनशुक्लतृतीयायांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीअरनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

चैत्र शुक्ल एकम दिना, लोक पूज्य सुखकार।
विश्व मिहिर श्री मल्लि प्रभु, प्रभावती माँ धार॥19॥

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रशुक्लप्रतिपदायांगर्भ मंगलमंडिताय श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्रावण की द्वितीया वदी, गर्भ धार मुनि नाथ।
मात पदमावती सुधी, मुनिसुव्रत जिननाथ॥20॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रावणकृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

दौज वदी आश्विन तिथि, लिया गर्भ में धार।
वप्रा माँ जगतीतल की, बनी स्वयं आधार।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं अश्विनकृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

कार्तिक सित षष्टी दिना, तीन लोक की शान।
मात शिवा के गर्भ में, प्रकटे श्री भगवान।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं कार्तिकशुक्लषष्टम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

स्वर्ग सु प्राणत से चये, वामा गर्भ सिधार।
राध वदी द्वितीया तिथि, पार्श्व प्रभु अवतार।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं वैशाखकृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

शुचि शुक्ल षष्ठी दिना, वर्धमान का वास।
धरि त्रिशला हर्षित हुयीं, हुये दोष अवकाश।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं आषाढ़ शुक्लषष्टम्यां गर्भमंगलमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जयमाला

दोहा- तीर्थंकर जननी महा, लोक पूज्य विख्यात।
शक्रादि मिल पूजते, द्रव्य लेय वसु मात्र।।

जय तीर्थंकर जननी महान, हैं लोक पूज्य शुभ पात्र जान।
नगरी की रचना करें देव, तव अष्ट कुमारी करें सेव।।
देवों द्वारा शुभ रत्नराशि, मानो बरसे नित सौख्य राशि।
आनंद मग्न सब भव्य जीव, मानो कि स्वर्ग सुख लें सदीव।।
जग जननी सोलह स्वप्न देख, आनंदित मन में हों विशेष।

होते प्रभात निज स्वामी पास, निज स्वप्न फलों की लेय आस॥
प्रभु तात स्वप्न का फल कहें, तब देवी गर्भ में जिन रहें।
तीर्थेश लोक कल्याण हेत, स्वातम वैभव अरु शिव निकेत॥
छप्पन अरु अष्ट कुमारिकाएँ, माँ की सेवा में चित लगाएँ।
पितु मात खुशी का नहिं पार, सुर नर आदि हरषें अपार॥
सोलह भावन पूरब में भाय, जननी सोलह सपने दिखाय।
तस फल स्वरूप षोडश सु लाभ, भवि सुनते पाते शांति भाव॥
चारों निकाय के देव आय, जिन तात मात पूजा रचाय।
कल्याणक गर्भ सु पुण्य रूप, प्रत्यक्ष लखे हों मुक्ति भूप॥

दोहा- कल्याणक शुभ गर्भ जिन, हरें सर्व संताप।
पूजक निश्चित आप सम, बने नशें सब पाप॥

ॐ ह्रीं गर्भकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशति-जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

जन्म कल्याणक पूजन

स्थापना

इन्द्रादिकों ने हर्ष वश, उत्सव जनम का शुभ किया,
तीर्थंकरों के उत्सवों से, सुफल निज भव का लिया।
तीर्थंकरों का जन्म शुभ, तिहुँ लोक में शांति करे,
जो भव्य आश्रय पाए इनका, शीघ्र भव सागर तिरें॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तश्रीऋषभादिमहावीरपर्यंत-चतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तश्रीऋषभादिमहावीरपर्यंत-चतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तश्रीऋषभादिमहावीरपर्यंत-चतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं॥

अष्टक

(तर्ज- श्री वीर महाअतिवीर..)

शशि धवल चाँदनी तुल्य निर्मल जल धारा।
जिन चरण चढाऊँ आज, धुलता अघ सारा॥
कल्याणक जन्म मनाय, तीर्थंकर अर्चन।
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।

बावन चंदन ले आय, तन का ताप हरे,
जिन चरणन देत चढाय, मुक्ति आप वरे।
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।

तंदुल अखंड भरि थाल, रवि अंशु सोहे।
अक्षय पद पाने आज, जिनपद हम मोहें॥
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।

सुरतरु के सुमन अनूप, काम विनाश करें।
तज जग कन्या को भव्य, मुक्ति वाम वरे॥
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।

बहु इष्ट मिष्ट स्वादिष्ट नेवज शुभ लाया।
श्री जिन के चरण चढाय, मन अति हर्षाया॥
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

रत्नों के दीप जलाय, आरति नित्य करें।
जिन चरणन देत चढाय, सम्यग्ज्ञान वरें॥
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।

दश विध धूप जलाय, वसुविधि नाश करूँ।
निज चिद्गुण सब प्रगटाय मुक्ति निवास करूँ॥
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।

षट्ऋतु के फल निष्फल, ना शिव फल देते।
तव पद चर्चे जो भव्य, दुख सब हर लेते॥
कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।

जल चंदनादि वसु द्रव्य पंचगुरू अर्चूं।
लहे सिद्ध निधि वो भव्य, मैं भी पद चर्चूं॥

कल्याणक जन्म मनाय तीर्थंकर अर्चन,
वसु गुण पाने को भव्य, करते जिन चर्चन॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

जन्म कल्याणक के अर्घ

छंद- ओ बुलाय लो.....

वदी नौमि चैत सुहाई, नाभि आँगन शहनाई।
बाजे मृदंग बहु भाँति, नारी शुभ मंगल गाती॥1॥

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णनवम्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सित दसैं माघ की आई, श्री अजितनाथ जिनराई।
जितशत्रु सदन बधाई, सुर नृत्य करें इह आई॥2॥

ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लदशम्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

कार्तिक सुदी पूनम के दिन, संभव जिन पूजैं निशदिन।
दृढ़राज भूप घर उत्सव, सुरगण मिल करें महोत्सव॥3॥

ॐ ह्रीं अर्हं कार्तिकशुक्लपूर्णिमायांजन्ममंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

द्वादश सित माघ की पावन, खुशियों का अतिशय सावन।
स्वयंवर नृप के नंदन, श्री अभिनंदन को वंदन॥4॥

ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लद्वादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

ग्यारस शुभ चैत सुदी को, भूपाल मेघरथ जी को।
देवें सुर मनुज बधाई, जन्मे सुमति जिनराई॥5॥

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रशुक्लैकादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

श्री धरण पद्म जिन ताता, वदि तेरस कार्तिक ख्याता।
सुरनर मुनि पूज रचावें, कल्याणक जन्म मनावें।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं कार्तिककृष्णत्रयोदश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीपद्मप्रभजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

द्वादशी सित जेठ सुहानी, जन्मे सुपार्श्व जिन स्वामी।
सुप्रतिष्ठित नृप बहु हरषे, चहुँ ओर रत्न शुभ बरसें।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठशुक्लद्वादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

ग्यारस शुभ पौष वदी की, जन्में श्री चन्द्र गुणी जी।
महासेन तात तुम जानो, मैं पूजन बहु हरसानो।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं पौषकृष्णएकादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

सित एकम् मंगसिर जानो, प्रभु जन्म सुखद है मानो।
सुग्रीव जनक हैं थारे, तिहुँलोक करे जयकारे।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं मार्गशीर्षशुक्लप्रतिपदायांजन्ममंगलमंडिताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

वदी माघ द्वादशी नन्दा, जन्मैं शीतल आनंदा।
दृढरथ श्री गुणी भूपाला, सुरवृष्टि करें पुहुमाला।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं माघकृष्णद्वादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीशीतलनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

वदी ग्यारस फाग की आई, श्रेयस जन्में जिनराई।
श्री विष्णु देव तव जनका, जन-जन का हर्षा मनका।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णैकादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीश्रेयांसनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

वदी चौदस फागुन माँही, श्री वासुपूज्य शिवराही।
जन्मैं वसुपूज्य निकेतन, हम पूजैं शुद्ध सुचेतन॥12॥

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीवासुपूज्यजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

है माघ चतुर्थी शुभ सित, कृतवर्मा नृप अति हर्षित।
जन्मे श्री विमल सुनाथा, हम नावत नित-नित माथा॥13॥

ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लचतुर्थ्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीविमलनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

द्वादश वदी ज्येष्ठ सुहानी, नृपसिंह सेन गुणज्ञानी।
सुरपति जन्मोत्सव कीना, हम पूजें चरण जजीना॥14॥

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठकृष्णद्वादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीअनंतनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सुदी तेरस माघ महीना, जन्मे श्री धर्म प्रवीना।
भानु नृप खुशी मनाए, रत्नों के कोष लुटाए॥15॥

ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लत्रयोदश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीधर्मनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

माह शुक्र पक्ष अंधियारा, तिथि चौदस शांति प्यारा।
पितु विश्वसेन का लाला, तिहुँ लोक करे उजियारा॥16॥

ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठकृष्ण चतुर्दश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीशांतिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

पड़वा वैशाख सुदी तब, श्री कुन्थुनाथ जन्मे तब।
पितु शूरसेन हर्षाये, गजपुर में मंगल छाए॥17॥

ॐ ह्रीं अर्हं वैशाखशुक्लप्रतिपदायांजन्ममंगलमंडिताय श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

अघहन सित चौदस आई, श्री अरहनाथ जिनराई।
शुभ जन्म लिया इस भू पर, मैं अर्घ चढ़ाऊँ चितधर॥18॥

ॐ ह्रीं अर्हं मार्गशीर्षशुक्लचतुर्दश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीअरनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

अघहन उजियारी ग्यारस, खुशियाँ बरसीं बन बारिस।
भूपति श्री कुम्भ निकेतन, बरसें मूंगा माणिक धन॥19॥

ॐ ह्रीं अर्हं मार्गशीर्षशुक्लैकादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीमल्लिनाथ जिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

दशमी वैशाख वदी शुभ, फैलो सुमित्र नृप को यश।
सौधर्म सुतांडव कीना, धर सहस नेत्र लख लीना॥20॥

ॐ ह्रीं अर्हं वैशाखकृष्णदशम्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

आषाढ़ कृष्ण दशमी को, करने उजियारा भू को।
नमि सूर्य उदित हो आया, नृपराज विजय मनभाया॥21॥

ॐ ह्रीं अर्हं आषाढ़कृष्णदशम्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

सावन वदि छट्ठ सुहानी, जन्मे श्री नेमि स्वामी।
मही रत्न गर्भा कहलाई, सुर रत्न वृष्टि करवाई॥22॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रावणशुक्लषष्ठ्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

दिन पौष वदी ग्यारस था, सुत अश्वसेन पारस का।
शुभ न्हवन हेतु मेरू पर, उतरा सुरलोक मही पर॥23॥

ॐ ह्रीं अर्हं पौषकृष्णैकादश्यांजन्ममंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

तेरस सित चैत लुभानी, सन्मति प्रभु छटा सुहानी।
हुई सिद्धारथ घर वृष्टि, हैरण्य मयी हुयी सृष्टि॥24॥

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

जयमाला

(मराठी चाल)

जन्म कल्याण प्रभु का निराला, त्रयलोकों में करता उजाला।
गुथूं जिनवर प्रभु भक्ति माला, प्रभू जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

स्वर्ग आदि से च्युत होके आए, माता के गर्भ में वे सिधाए।
गीत सुर नर सभी मिलके गायें, प्रभु जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

दुंदुभि शंख घंटा सु साजे, भेरी इंद्र विमानों में राजे।
जन्म होते स्वतः ही ये बाजे, प्रभु जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

क्षीर सिंधु से जल भरके लाए, जिन न्हवन मेरूगिरि पर कराए।
शचि श्रृंगार शिशु का कराए, प्रभु जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

देख अंगुष्ठ दायां विचारी, चिह्न तेरा कहें निर्विकारी।
बालपन से ही त्रय ज्ञान धारी, प्रभु जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

इंद्र सौधर्म तांडव रचाए, नाट्य आनंद सबको लुभाए।
लख प्रभु नेत्र सहस बनाए, प्रभु जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

जय तीर्थेश वृष तीर्थ कर्ता, मोह मद राग द्वेषादि हर्ता।
शीश तेरे चरण नित्य धरता, प्रभु जन्म पूजन करूँ मैं नित ही॥

घत्ता- सुजन्म कल्याणक, जग हितकारक, तीर्थंकर तव ध्यान धरुँ।
जिनपूज रचाऊँ, तव गुण गाऊँ, अर्चन कर निज पुण्य भरुँ॥

ॐ ह्रीं जन्मकल्याणकप्राप्त-श्रीवृषभादिवीरांत-चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

तप कल्याणक पूजन

स्थापना

वैराग्य को धारण किया तुम, आत्म वैभव जान कर।
तन भोग भव नश्वर गिने तुम, नित्य आतम मानकर॥
चेतना की सिद्धि पाने, जाय वन दीक्षा धरी।
भाव समता धारकर जिन, कुमति ममता की हरी॥

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त-श्री वृषभादि महावीर-पर्यन्त-चतुर्विंशति तीर्थंकरा:! अत्र अवतर अवतर संवौषट आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त-श्री वृषभादिमहावीर-पर्यन्त-चतुर्विंशति तीर्थंकरा:! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त-श्री वृषभादिमहावीर-पर्यन्त-चतुर्विंशति तीर्थंकरा:! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं॥

अष्टक

(तर्ज- दर्शविशुद्धि भावना...)

क्षीरोदधि का निर्मल नीर, भव भव की मेटे सब पीर।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव॥

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा॥

चंदन तन का ताप हरे, जिन पद अर्चें पाप हरें।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव॥

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा॥

अक्षत है अक्षय फलदाय, जिन पद पूजें पाप नशाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्त-चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।

पुष्प मनोहर काम विनाश, जिनवर पूज लहूँ शिववास।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।

क्षुधा वेदनी होवे नाश जिन पद चरु धरूँ ले आस।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

दीपक भव का तिमिर हरे, आरति कर चिद् ज्योति भरे।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।

वसु विधि कर्म नाश के काज, वह्नि धूप जलाए आज।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।

मोक्ष महाफल की अरदास, सिद्धालय में हो मम वास।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।

नीरादिक वसु मंगल द्रव्य, पूज लहें निज सिद्धि भव्य।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।
तप कल्याणक पूज रचाय तीर्थंकर होवें सुखदाय।
नमूँ जिनदेव सिद्ध साक्षी दीक्षा स्वयमेव।।

ॐ ह्रीं तपकल्याणकप्राप्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

तप कल्याणक के अर्घ

छंद-चौपाई

नीलांजना की मृत्यु जानी, उमड़ा वैराग्य कल्याणी।
जाकर के सिद्धारथ वन को, तप कीना शिव रमा वरन को।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं चैत्रकृष्णानवम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देखा उल्कापात विनश्वर, जाना सांसारिक सुख नश्वर।
अजित देव तप धारण कीना, नृपति हजार संग चल दीना।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लनवम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीअजितनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लख विघटन मेघों का भारी, तत्क्षण जानी सृष्टि सारी।
मुक्ति रमा से परिणाने को, चले प्रभु दीक्षा पाने को।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं मार्गशीर्षशुक्लपूर्णिमायां तपोमंगलमंडिताय श्रीसंभवनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उमड़ा जब वैराग सुपावन, लौकांतिक कीना शुभ वंदन।
अभिनन्दन जिन दीक्षा धारी, माघ शुक्ल द्वादश तिथि प्यारी।4।।
ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लद्वादश्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जातिस्मरण हुआ जब जिन को, शुभ वैशाख सुदी नौमी को।
तप धारा नशने विधि पहरा, धारण करने मुक्ति सेहरा।।5।।
ॐ ह्रीं अर्हं वैशाखशुक्लनवम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जानी जब नश्वरता जग की, आस हुई शुभ मुक्ति गगन की।
ऊर्ज वदी तेरस वह प्यारी, पद्मप्रभ जिन दीक्षा धारी।।6।।
ॐ ह्रीं अर्हं कार्तिककृष्णात्रयोदश्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीपद्मप्रभजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देखा जब पत्तों को झड़ते, राज्य त्याग करने को अड़ते।
पहना तब मुक्ति का बाना, मानो मोक्ष महल परिधाना।।7।।
ॐ ह्रीं अर्हं ज्येष्ठशुक्लद्वादश्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्रायनमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

